प्रसारित - आगरा, मथुरा, फिरोजाबाद, अलीगढ़, हाथरस, कासगंज, एटा, मैनपुरी, बुलंदशहर, गाजियाबाद, लखनऊ, कानपुर | गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

साप्ताहिक
# मोर्निंग सिटी
सच के साथ...

वर्ष - 10 अंक 39, 18 जनवरी से 24 जनवरी, 2026 | मूल्य- 10 रुपये | पृष्ठ 8 | WWW :morningcity.in

यूपी का सर्वश्रेष्ठ न्यूज प्लेटफॉर्म
मोर्निंग सिटी



# सुरक्षित वतन लौटते ही छलक उठे जज्बात, लौटी मुस्कान

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

*ईरान में बिगड़ते सुरक्षा हालात के बीच शनिवार तड़के दिल्ली एयरपोर्ट पर राहत और भावुक पुनर्मिलन के दृश्य देखने को मिले। जैसे ही ईरान से लौटे भारतीय नागरिकों के विमान उतरे, बाहर इंतजार कर रहे परिजनों ने अपने अपनों को गले लगा लिया। किसी ने फूलों की माला पहनाई तो कहीं पिता ने बेटी को सीने से लगाकर राहत की सांस ली, आंखों में आंसू और चेहरे पर मुस्कान साफ झलक रही थी। शुक्रवार रात से ही इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के आगमन टर्मिनल के बाहर परिवारों की भीड़ जुटी थी। हर यात्री समूह को उत्सुक निगाहों से देखा जा रहा था, इस उम्मीद में कि शायद अगला चेहरा उनका अपना हो।*

**संकटग्रस्त ईरान से लौटे भारतीय, बताई जमीनी हकीकत**

**इंटरनेट नहीं, अंतरराष्ट्रीय कॉल भी काम नहीं कर रहे**

**ईरान में 28 दिसंबर से हो रही हिंसा, 3 हजार से ज्यादा मौतें**

### छात्रों ने बताया कि ईरान के हालात बेहद तनावपूर्ण

ईरान से लौटे कई छात्रों ने वहां के हालात को बेहद तनावपूर्ण बताया। एक छात्रा ने कहा कि सड़कों पर माहौल असहज था और इंटरनेट बंद होने से वे पूरी तरह अलग-थलग महसूस कर रहे थे। भारत पहुंचकर परिवार को सामने देखना उनके लिए सुरक्षा और राहत का अहसास लेकर आया। एक अन्य छात्र शाजिद ने बताया कि अनिश्चित हालात और संचार की कमी ने चिंता बढ़ा दी थी। यात्रा व्यवस्था की जानकारी मिलते ही राहत महसूस हुई और घर लौटकर परिवार से मिलना बेहद सुकून देने वाला रहा। शिराज के एक मेडिकल कॉलेज में पढ़ने वाली छात्रा ने बताया कि इंटरनेट बंद होने के कारण देशभर की स्थिति की सही जानकारी नहीं मिल पा रही थी, हालांकि उनके शहर में हालात अपेक्षाकृत ठीक थे। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे वाणिज्यिक उड़ान से अपने स्तर पर लौटी हैं।








### भारतीय दूतावास की मदद से राहत मिली- परिजन

परिजनों ने बताया कि इंटरनेट ब्लैकआउट के दौरान उनकी चिंता चरम पर पहुंच गई थी। बाद में भारतीय दूतावास द्वारा संपर्क बहाल किए जाने और मदद शुरू होने से राहत मिली। विदेश मंत्रालय के अनुसार, ईरान में करीब 9,000 भारतीय नागरिक रह रहे हैं, जिनमें अधिकांश छात्र हैं। सरकार ने हालात सामान्य होने तक ईरान की यात्रा से बचने और उपलब्ध साधनों से देश छोड़ने की सलाह दी है।

### ईरान में दो हफ्तों से जारी हिंसा में 3 हजार से ज्यादा मौतें

ईरान में वहां की करेंसी 'रियाल' के ऐतिहासिक रूप से नीचे गिरने और महंगाई के विरोध में 28 दिसंबर 2025 में प्रदर्शन शुरू हुए थे। देश के सभी 31 प्रांतों में हिंसा फैल गई है। इसमें 3 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हुई है।

# यूपी में कोहरे का कहर 15 जिलों में 40 गाड़ियां भिड़ीं, 100 ट्रेनें लेट



**नई दिल्ली।** यूपी में शनिवार को सीजन का सबसे घना कोहरा पड़ा। हालत इतने खराब हो गए कि सड़कों पर कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा था। गाड़ियों की लाइटें भी नजर नहीं आ रही थीं। मेरठ, बाराबंकी समेत 15 जिलों में 40 से ज्यादा गाड़ियां टकराईं। डेढ़ साल की बच्ची समेत 7 की मौत हो गई। 50 से ज्यादा घायल हैं। फतेहपुर में एनएच-2 पर 10 गाड़ियां टकराईं। यहां कार ड्राइवर की मौत हो गई।

**बच्ची समेत 7 की मौत**

मुरादाबाद में ट्रक ने बाइक सवारों को रौंद दिया, जिसमें जीजा की जान चली गई। ऐसे ही सुल्तानपुर में श्रद्धालुओं से भरी पिकअप को एक वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे 3 की मौत हो गई। वहीं, मेरठ में कोहरे की वजह से कार नाले में गिर गई। हादसे में डेढ़ साल की बच्ची की जान चली गई। विजिबिलिटी कम होने से रेलवे और हवाई सफर भी प्रभावित रहा। गोरखपुर, वाराणसी समेत तमाम स्टेशनों पर 100 से ज्यादा ट्रेनें लेट हैं। वीआईपी ट्रेनें भी समय पर नहीं हैं। लखनऊ एयरपोर्ट्स पर इंडिगो की 2 फ्लाइट्स कैंसिल हैं। इसके अलावा 14 उड़ानें देरी से उड़ीं।

### बीएमसी नतीजों के बाद मुंबई में 'खेला'

# मेयर पद पर शिंदेसेना ने फंसाया पेंच! सभी 29 पार्षद होटल में शिफ्ट

एजेंसी ▸▸| मुंबई

बीएमसी चुनाव के नतीजों के बाद महाराष्ट्र सरकार की कैबिनेट बैठक में शनिवार को दोनों उप-मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजित पवार नहीं पहुंचे। शिंदे मुंबई में ही हैं, वहीं अजित पवार पुणे में हैं, लेकिन फिर भी दोनों कैबिनेट बैठक में नहीं पहुंचे। शिंदे गुट और अजित पवार गुट को जितनी उम्मीद थी, परिणाम वैसा नहीं आया। दोनों डिप्टी सीएम अपनी पार्टियों की सीटें कम आने से भाजपा से नाराज हैं। जहां, शिवसेना की ओर से बताया गया है कि एकनाथ शिंदे बीमार हैं, वहीं, अजित पवार बारामती में अपने चाचा शरद पवार से मिलने उनके घर पहुंचे हैं।

### बहुमत का आंकड़ा है 114

इसके अलावा शिंदे को पार्षद टूटने का भी डर है। 227 सदस्यीय बीएमसी में, बहुमत का आंकड़ा 114 है। भाजपा ने 89 सीटें जीतीं, जबकि शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने 29 सीटें जीतीं है। इसके साथ सत्तारूढ़ गठबंधन 118 पर पहुंच गया। यह आंकड़ा, बहुमत से मात्र चार सीट अधिक है। शिंदे को डर है कि कहीं पार्षद दूसरे दलों की तरफ न भागने लगे। मुख्य रूप से उन्हें उद्धव ठाकरे की पार्टी से डर है। के डर के पीछे वजह है नंबर गेम। 227 सदस्यीय बीएमसी में, बहुमत का आंकड़ा 114 है। बता दें, मुंबई के 227 वार्डों में से भाजपा ने 89, शिवसेना (यूबीटी) ने 65, शिवसेना (शिंदे) ने 29, कांग्रेस ने 24, मनसे ने 6, एनसीपी (अजित पवार) ने 3 और एनसीपी (शरद पवार) ने 1 में जीत हासिल की है।



**कैबिनेट मीटिंग से शिंदे-अजित पवार गायब**
**फडणवीस बोले, मैं और शिंदे मिलकर तय करेंगे मेयर**
**मुंबई के 227 वार्डों में भाजपा ने जीते हैं 89 वार्ड**

### उद्धव को भी अपना मेयर बनाने की आस

इन सबके बीच उद्धव ठाकरे ने एक खास संदेश जारी किया है। इसमें उन्होंने कहा कि मुंबई में शिवसेना (यूबीटी) का मेयर चुनने का उनका सपना अभी जिंदा है। उन्होंने कहा कि अगर भगवान ने चाहा तो ऐसा होगा। उद्धव ठाकरे के इस बयान के अलग-अलग मायने निकाले जा रहे हैं।

### शिंदे बनाना चाहते हैं अपना महापौर

*रिपोर्ट के मुताबिक, शिवसेना (शिंदे) ने सभी 29 पार्षदों को ताज होटल शिफ्ट कर दिया है। शिवसेना (शिंदे) के इस फैसले को मुंबई के मेयर पद से जोड़कर देखा जा रहा है। शिवसेना के नगरसेवकों और नेताओं का कहना है कि मुंबई में ढाई–ढाई साल के लिए महापौर पद दिया जाए. शिंदे गुट की मांग है कि बालासाहेब ठाकरे की जन्मशताब्दी वर्ष के अवसर पर शिवसेना का महापौर बैठे। इस मुद्दे पर भाजपा और शिवसेना के नेताओं के बीच चर्चा जारी है। अब सबकी नजर इस पर है कि इस बातचीत का नतीजा क्या निकलता है। उधर सीएम फडणवीस ने कहा, मेयर कौन बनेगा और कब चुना जाएगा। ये सभी फैसले मैं, शिंदे और हमारे पार्टी नेता मिलकर लेंगे। इस पर कोई विवाद नहीं है।*

# गोवा में 2 रशियन महिलाओं की बेरहमी से हत्या, रेता गला



**दोनों का पहले रेता गला फिर हाथ पीठ के पीछे बांधे**

एजेंसी ▸▸| पणजी

गोवा से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां 2 रशियन महिलाओं की बेरहमी से हत्या कर दी गई है। इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है।

मामले में पुलिस ने एक शख्स को गिरफ्तार कर लिया है। मामला उत्तरी गोवा के अरम्बोल और मोरजिम गांवों का है। यहां 14 और 15 जनवरी को रूस की दो महिलाओं की हत्या हुई। इस हत्याकांड के आरोप में एक रूसी व्यक्ति एलेक्सी लियोनोव को गिरफ्तार किया गया है। मांड्रेम थाने के एक अधिकारी ने बताया, 'आरोपी ने 14 जनवरी को मोरजिम स्थित उसके कमरे में दोस्त एलेना वानीवा (37) की चाकू से गला काटकर हत्या कर दी। वानीवा की मकान मालकिन की शिकायत के अनुसार, यह घटना रात 11 बजे के बाद हुई।'

मोरजिम थाने के अधिकारी ने बताया, 'इसके बाद 15 जनवरी की शाम आरोपी, आठ किलोमीटर दूर स्थित अरम्बोल गांव में अपनी दोस्त एलेना कास्थानोवा (37) से मिलने गया। उसने उसे रस्सी जैसी सामग्री से बांध दिया और बाद में उसका गला रेत दिया।' दोनों के शव शुक्रवार को बरामद कर लिए गए। लियोनोव को मांड्रेम पुलिस ने गिरफ्तार किया है और मामले की जांच जारी है।

### दोनों हत्याओं के तरीके समान

पुलिस के मुताबिक, दोनों हत्याओं के तरीके समान पाए गए, जिससे इनके आपस में जुड़े होने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक, दोनों हत्याओं के तरीके समान पाए गए, जिससे इनके आपस में जुड़े होने की आशंका जताई जा रही है। जांच में पता चला कि वानीवा आरोपी और कस्थानोवा, दोनों की दोस्त थी।

# कांग्रेस ने घुसपैठियों से जमीन पर कब्जा कराया: पीएम मोदी




कोलकाता/गुवाहाटी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को असम में कहा कि कांग्रेस असम को अपना नहीं मानती। आजादी के बाद असम के सामने कई चुनौतियां थीं। कांग्रेस ने समस्या का समाधान नहीं निकाला। जब जरूरत अपने लोगों के जख्म भरने, उनकी सेवा करने की थी तब कांग्रेस ने घुसपैठियों की सेवा की। ये घुसपैठिये कांग्रेस के कट्टर वोटर हैं। ये लोग जमीन पर कब्जा करते रहे, कांग्रेस उनकी मदद करती रही। हिमंता सरकार आज लाखों बीघा जमीन को घुसपैठियों से मुक्त करा रही है। एक समय यहां आए दिन रक्तपात होते थे, आज संस्कृति के रंग सज रहे हैं। पहले जहां, कर्फ्यू का सन्नाटा होता था। आज संगीत गूंज रहा है।

पीएम गुवाहाटी के सरुसजाई स्टेडियम में आयोजित 'बागुरुम्बा दोहोउ 2026' में शामिल हुए। यह बोडो समुदाय का पारंपरिक सांस्कृतिक कार्यक्रम है। इससे पहले एयरपोर्ट से स्टेडियम तक पीएम ने रोड शो निकाला। मोदी रात में गुवाहाटी में रुकेंगे। रविवार को कालियाबोर जाएंगे, यहां ?6,957 करोड़ के काजीरंगा एलिवेटेड कॉरिडोर की आधारशिला रखेंगे। इससे पहले दोपहर में पीएम पश्चिम बंगाल के मालदा पहुंचे थे।

### बंगाल के सामने एक बड़ी चुनौती घुसपैठ की है

आप देखिए दुनिया के जो विकसित देश हैं, समृद्ध देश हैं, जिन्हें पैसों की कमी नहीं, वे भी घुसपैठियों को निकाल रहे हैं। प. बंगाल में भी घुसपैठियों को बाहर करना जरूरी है। एक एक घुसपैठिए को निकालना जरूरी है। टीएमसी के रहते ये संभव नहीं है। ये जमीन-हक, बहन-बेटियों की रक्षा नहीं करेंगे। इन्हें सत्ता से बाहर निकालना चाहिए।

### कांग्रेस ने भूपेन हजारिका को भारत रत्न देने का विरोध किया

कांग्रेस वही पार्टी है जिसने भूपेन हजारिका को भारत रत्न देने का विरोध किया था। कर्नाटक की कांग्रेस सरकार के मंत्री ने असम में लगने वाली सेमिकंडक्टर यूनिट लगने का विरोध किया। ये व्यक्ति कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के बेटे हैं।

**भाजपा की सरकार ने दिलों की दूरियां मिटाई हैं:** असम से दिल्ली की दूरी कम की है। हमने इसे पॉलिसी का हिस्सा बनाया है। इससे व्यापार और पर्यटन को मदद मिलेगी। जब संवाद और भरोसा मजबूत होता है, समान अवसर हर किसी तक पहुंचते हैं। तो सकारात्मक बदलाव नजर आते हैं। असम की प्रगति से भारत की ग्रो स्टोरी नई शक्ति मिल रही है। असम तेजी से बढ़ने वाले राज्यों में नई पहचान बना रहा है।

**टीएमसी घुसपैठियों को वोटर बना रही:** पीएम ने कहा था कि बंगाल के कई इलाकों में आबादी का संतुलन बिगड़ रहा है। टीएमसी घुसपैठियों को वोटर बना रही। गरीबों का हक छीना जा रहा है। भाजपा सरकार बनते ही घुसैपठियों पर एक्शन लिया जाएगा। टीएमसी ने यहां आयुष्मान योजना लागू नहीं होने दी। ऐसी पत्थर दिल सरकार की बंगाल से विदाई जरूरी है। पूर्वी भारत के लोगों का विश्वास भाजपा के नाम: हमारा देश 2047 तक विकसित होने पर काम कर रहा है। इसलिए लिए पूर्वी भारत का विकास होना जरूरी है। पूर्वी भारत को दशकों तक नफरत करने वालों ने जकड़ रखा था। भाजपा ने नफरत की राजनीति करने वालों से पूर्वी भारत को मुक्त किया है। पूर्वी भारत के लोगों का विश्वास भाजपा के नाम है। उनका विश्वास भाजपा के साथ है।

**बंगाल की हर दिशा में सुशासन की सरकार:** कुछ दिन पहले बिहार में बीजेपी-एनडीए की सरकार बनी है। यानी बंगाल की हर दिशा में बीजेपी के सुशासन की सरकार है। अब बंगाल की बारी है। इसलिए बिहार चुनाव की जीत के बाद मैंने कहा था- मां गंगा के आशीर्वाद से अब बंगाल में भी विकास की गंगा बहेगी। बीजेपी ये काम करके रहेगी।

**महिला पत्रकार के साथ टीएमसी के गुंडों ने अभद्रता की:** बंगाल के युवा साथियों, माता-बहनों की बड़ी जिम्मेदारी है। एक महिला पत्रकार के साथ टीएमसी के गुंडों ने कितनी अभद्रता की। स्कूल, कॉलेज, यूनिवर्सिटी में बेटियां सुरक्षित नहीं। निर्ममता ऐसी की बेटियों की सुनवाई नहीं होगी। पीड़ितों को बात-बात पर कोर्ट जाना पड़ता है। इसे बदलना होगा। ये काम कौन करेगा- ये काम आपका एक वोट करेगा।

# सौ चूहे खाकर बिल्ली हज को चली

### अहिल्याबाई मामले पर सीएम ने कांग्रेस पर किया तंज

वाराणसी



जब काशी विश्वनाथ धाम का निर्माण हो रहा था, तब भी कुछ लोगों ने साजिशें रची थीं। यहां तक कि जिन वर्कशॉप में मूर्तियां बनती हैं, वहां से टूटी हुई मूर्तियों के अवशेष लाकर सोशल मीडिया पर वायरल किए और सफेद झूठ फैलाया गया कि मंदिर तोड़े जा रहे हैं।"

कांग्रेस पर यह सीधा हमला बोला उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने। मुख्यमंत्री शनिवार को वाराणसी में बाबा काशी विश्वनाथ के दर्शन करने के बाद पत्रकारों को सम्बोधित कर रहे थे। दरअसल पिछले एक-दो दिनों से सोशल मीडिया पर काशी के मंदिर व मणिकर्णिका घाट को तोड़ने के कुछ वीडियो वायरल हो रहे हैं। इन्हीं आरोपों का जवाब देने के लिए सीएम खुद मीडिया से रूबरू हुए। उन्होंने इन वीडियो की सत्यता को सिरे से खारिज करते हुए कहा, यहां पर पिछले 11 वर्षों में हुए समग्र विकास की परियोजना को बाधित करने के लिए जो साजिशें रची जा रही हैं और जिस प्रकार का दुष्प्रचार किया जा रहा है, इसके बारे में सही तथ्य जनता के सामने आ सकें, इसीलिए मुझे आज यहां पर आना पड़ा। उन्होंने कहा कि काशी के प्रति हर सनातन धर्मावलम्बी व हर भारतवासी अपार श्रद्धा का भाव रखता है, लेकिन स्वतंत्र भारत में काशी को जो सम्मान मिलना चाहिए था, काशी का जो विकास होना चाहिए था, वो नहीं हुआ। पिछले 11 वर्षों में काशी एक बार फिर अपनी आध्यात्मिक व सांकृतिक विरासत का संरक्षण करते हुए उनका संवर्धन कर रही है और भौतिक विकास के माध्यम से नई ऊंचाइयों को भी प्राप्त कर रही है। सीएम योगी ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि देश की संसद में काशी का प्रतिनिधित्व स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करते हैं और वह अक्सर अपने भाषणों में कहते हैं, 'मेरी काशी'। प्रारम्भ से ही उन्होंने कहा है कि काशी की पुरानी काया को संरक्षित करते हुए उसे नए कलेवर के रूप में देश-दुनिया के सामने प्रस्तुत किया जाना चाहिए और उसी के अनुरूप काशी की परियोजनाएं तैयार हुईं।

# भारत में ऐसे भी गरीब जिनके पास है फ्लैट दुकान से लेकर 7.5 करोड़ की प्रॉपर्टी

सड़क किनारे कटोरा थामे खड़े भिखारी को देखकर आमतौर पर हमारे दिमाग में गरीबी और मजबूरी की तस्वीर बनती है. लेकिन क्या हो अगर वही भिखारी फ्लैट, दुकान और करोड़ों की प्रॉपर्टी का मालिक निकले? सुनने में अजीब लगता है, लेकिन दुनिया में ऐसे कई भिखारी हैं, जिन्होंने भीख मांगकर अमीरी का नया पैमाना लिख दिया है। कहीं करोड़ों की संपत्ति, तो कहीं लग्ज़री ज़िंदगी-इन कहानियों ने गरीबी की हमारी सोच को ही पलट कर रख दिया है। आइए जानते हैं भारत के सबसे अमीर भिखारियों के बारे में....

### मिलिए दुनिया के सबसे अमीर भिखारियों से

**भरत जैन**

### दुनिया का सबसे अमीर भिखारी

भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया के सबसे अमीर भिखारियों में गिने जाने वाले भरत जैन की कहानी सबसे ज्यादा चौंकाने वाली है। मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस और आजाद मैदान के आसपास भीख मांगते हुए उन्हें करीब 40 साल हो चुके हैं। रोजाना 10 से 12 घंटे तक सड़क पर खड़े रहना, लोगों से पैसे मांगकर आज वह करोड़ों के मालिक बन गए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, भरत जैन भीख मांगकर महीने में 60 से 75 हजार रुपये कमाते हैं। इतना ही नहीं, भरत के पास 7.5 करोड़ की संपत्ति है। साथ ही, मुंबई में दो फ्लैट खरीदे हैं, जिनकी कीमत करोड़ों में बताई जाती है। इसके अलावा ठाणे में उनकी दो दुकानें हैं, जिनसे उन्हें हर महीने किराया मिलता है।



### बुर्जु चंद्र आजाद

मुंबई के ही एक और भिखारी बुर्जु चंद्र आजाद की कहानी तब सामने आई, जब एक ट्रेन हादसे में उनकी मौत हो गई। रेलवे स्टेशन पर भीख मांगने वाले बुर्जु की असली हैसियत किसी को पता नहीं थी। मौत के बाद जब पुलिस ने गोवंडी स्थित उनके घर की तलाशी ली, तो वहां से 1.5 लाख रुपये कैश और 8.77 लाख रुपये की रकम की फिक्स्ड डिपॉजिट सामने आई।

**कृष्ण कुमार गीते :** मुंबई में रहने वाले कृष्ण कुमार गीते भी भारत के अमीर भिखारियों की लिस्ट में शुमार हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कृष्ण कुमार एक दिन में करीब 1,500 रुपये तक कमा लेते हैं। इतना ही नहीं, उनके पास एक फ्लैट भी है, जिसकी कीमत तकरीबन सात लाख है। हैरानी की बात यह है कि कृष्ण के पैसों को मैनेज करने का काम उनके भाई करते हैं।

**लक्ष्मी दासः कोलकाता की करोड़पति भिखारिन :** कोलकाता की गलियों में भीख मांगने वाली लक्ष्मी दास ने बहुत कम उम्र में सड़क पर जिंदगी शुरू की थी। रिपोर्ट्स के अनुसार, उनकी महीने की कमाई 30 हजार रुपये से ज्यादा है और कुल संपत्ति करीब 1 करोड़ रुपये के आसपास बताई जाती है।

### पप्पू कुमार, उधार भी देते हैं पैसा

पप्पू कुमार की कहानी मजबूरी से शुरू हुई थी। एक हादसे में पैर टूटने के बाद उन्होंने भीख मांगना शुरू किया। धीरे-धीरे उनकी कमाई बढ़ती गई और आज उनकी संपत्ति करीब 1.25 करोड़ रुपये बताई जाती है। उनकी लाइफस्टाइल का सबसे दिलचस्प पहलू यह है कि वह अब छोटे व्यापारियों को उधार तक देते हैं।

# रानियों के नहाने के लिए बना था यह तैरता महल, पानी में डूबी हैं 4 मंजिलें

**आज भी अंदर जाने की नहीं है अनुमति**

एजेंसी ▸▸| जयपुर

राजस्थान की राजधानी जयपुर में एक बेहद अनोखा महल है। यह महल पानी पर तैरता हुआ दिखाई देता है। हम बात कर रहे हैं ऐतिहासिक जल महल की। यह 300 एकड़ में फैली मानसागर झील के बीच स्थित है। राजा ने इसे अपनी रानियों के नहाने के लिए बनवाया था। इसकी पांच में से चार मंजिलें पानी के अंदर रहती हैं। यह जयपुर आने वाले पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र है।



### रानियों के लिए बना था समर पैलेस

महाराजा सवाई जयसिंह ने 1799 में इस महल को बनवाया था। उन्होंने जयपुर की पानी की जरूरत के लिए गर्भावती नदी पर बांध बनवाया था। इससे मानसागर झील का निर्माण हुआ। राजा अपनी रानियों के साथ यहां खास वक्त बिताते थे। यह महल रानियों के लिए एक पिकनिक स्पॉट जैसा था। यहां रानियां शाही स्नान करती थीं और अपने वस्त्र बदलती थीं। इसी वजह से महल को झील के बीचों-बीच बनाया गया था।

### पानी के अंदर का रहस्य

यह 5 मंजिला इमारत लाल बलुआ पत्थर से बनी है। इसमें से चार मंजिलें हमेशा पानी में डूबी रहती हैं। केवल पांचवीं मंजिल ही बाहर दिखाई देती है। 222 साल से पानी में रहने के बाद भी इसे कोई नुकसान नहीं हुआ है। जयपुर की चिलचिलाती गर्मी में भी यह महल ठंडा रहता है। पर्यटक इसे बाहर से ही देख सकते हैं। महल के अंदर जाने की इजाजत नहीं है।

**छत पर उगे हैं हजारों पेड़**

जल महल की छत पर एक विशाल नर्सरी है। यहां एक लाख से ज्यादा पेड़-पौधे लगे हुए हैं। इनकी देखभाल के लिए 40 माली काम करते हैं। यह राजस्थान की सबसे ऊंचे पेड़ों वाली नर्सरी मानी जाती है। रात के समय जयपुर का यह महल रोशनी में नहाया हुआ बेहद खूबसूरत लगता है। अरावली की पहाड़ियां इसकी सुंदरता में चार चांद लगा देती हैं।

# कुरावली की सड़कों पर नहीं थम रहा फाइनेंसर बन बसूली का खेल

**बसूली करने वाले टीम बनाकर लोन पर लिए बाहन को रोककर करते है उगाही**

**कानून के हाथ लंबे वाली कहावत भी फेल, कानून के हाथ इस बसूली के खेल को रोकने आ रहे छोटे नजर**

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**मैनपुरी।** देश के सर्वोच्च न्यायालय सुप्रीम कोर्ट से एजेंट लगाकर धमकी देकर या बाहन को जब्त करके लोन की बसूली प्रतिबंधित होने के बाद भी कुरावली की सड़को पर लोन बसूली का खेल खुलेआम चल रहा है। इस लोन बसूली की आड़ में फाइनेंस कंपनी के एजेंट अवैध उगाही के खेल को भी बेखौफ होकर अंजाम दे रहे है। इस बसूली के खेल को पुलिस भी नहीं रोक पा रहीं हैं, आखिर पुलिस इस खेल को क्यों नही रोक पा रहीं हैं, यह बात भी समझ से परे है।

कुरावली की सड़को पर बसूली का खेल चलता रहेगा या फिर कभी इस पर रोक लग पाएगी, यह देखने लायक होगा। ज्ञात हो कि आजकल




के दौरान बाहन खरीदना लोगो का शौक बन गया, इसी शौक के बीच बाहन को लोन पर खरीदना भी अब आम बात हो गई हैं, लोग लोन पर बाहन खरीद लेते हैं, चुकाने के लिए दो साल या तीन साल की किस्त हर महीने चुकाने के अनुसार बनवा लेते हैं, लोन चुकाने के लिए दिया गए समय के बीच में लोगो के पास कभी खराब समय भी दस्तक दे देता हैं, उस बक्त लोन की किस्त भी जमा नहीं हो पाती हैं, कभी कभी समय इतना खराब होता है कि लोगो की दो या तीन किस्त तक जमा नहीं हो पाती हैं, उसके बाद शुरू होता है लोन बसूली का काम, लोन कंपनी अपने एजेंट के जरिए लोन बसूली की ताकत लगाती हैं, लोन बसूली करने के लिए एजेंट बाहन को रोककर बाहन जब्त की धमकी देते

### सुप्रीम कोर्ट से एजेंट बसूली हो चुकी प्रतिबांधित

एजेंट के जरिए लोन पर लिए गए बाहन को जब्त करना या धमकी देकर बसूली करना, इसे सुप्रीम कोर्ट ने नबंवर 2024 में ही प्रतिबंधित कर दिया है। लेकिन एजेंट के जरिए गाली गलौज करके धमकी देकर बाहन को जब्त करने का सिलसिला आज भी कुरावली की सड़को पर चल रहा है। लोन की प्राइवेट कंपनी अपने पास एजेंट को रखती हैं, एजेंट भी कोई ऐसा बैसा आम इंसान नहीं होता है जो काफी प्रभावशाली होता हैं, जो बसूली करने के लिए धमकी देकर बाहन को रुकवाता है और एक दम कड़ी भाषा में बंदर घुड़की लगाकर बसूली या बाहन जब्त के लिए कहा जाता है, बाहन स्वामी मिन्नते करता है जिसके कुछ लेनदेन करके बात बन जाती है।

### क्या बोले एसपी मैनपुरी

कुरावली में सड़को पर लोन पर खरीदे गए बाहन के स्वामियों से जबरन बसूली करने का मामला संज्ञान में नहीं हैं, इसकी जानकारी की जाएगी, अगर बसूली और एजेंटों के द्वारा अवैध धन उगाही की जा रहीं है तो इसकी पूरी जानकारी करके जांच कराएंगे, अगर बसूली करने का मामला हो रहा है तो इस पर रोक लगाई जाएगी। साथ ही बसूली करने वालों पर कार्रवाई कराई जाएगी। **- गणेश प्रसाद साहा, एसपी मैनपुरी।**

### क्या बोले सीओ कुरावली

कुरावली में सड़को पर बाहन को रोककर गाली गलौच करके धमकी देना या बाहन जब्त करके बसूली या उगाही करने का मामला संज्ञान में आया था, इस संबंध में कुरावली कोतवाली इंस्पेक्टर को निर्देश दिए गए है। इस मामले की जांच चल रहीं है। जल्द ही इसपर कार्रवाई की जाएगी। **- सच्चिदानंद सिंह, सीओ कुरावली।**

## कम दहेज से असंतुष्ट पति करता है पत्नी की मारपीट

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**किशनी/मैनपुरी।** संगीता देवी पत्नी नीरज कुमार जाटव निवासी गांव विद्यानगर थाना एलाऊ ने बताया कि उनके पति नीरज पुत्र श्याम बाबू जाटव शादी में दिए दहेज से संतुष्ट न होने के कारण उनसे पैसों की मांग करते हैं। पैसे ना देने पर पति मारपीट करते हैं। मारपीट की सूचना पर उनके माता-पिता 16 जनवरी को उनकी ससुराल गए तो ससुरालियों ने उनके साथ भी हाथापाई कर दी। इसके बाद उनके माता-पिता ने थाना थाना एलाऊ में शिकायत की। आरोप है कि पीड़िता के माता-पिता के सामने ही नीरज ने उसकी मारपीट की थी। इस उत्पीड़न में जेठ और ससुर आदि उनके पति को बढ़ावा देते हैं और जान से मारने की धमकी देते हैं। उन्होंने कार्यवाही की मांग की है।

## मायके गई पत्नी का पता न लगने पर पुलिस से शिकायत

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**किशनी/मैनपुरी।** थाना क्षेत्र के गांव नगरिया कटरा गोविंद शाला सामान निवासी दशरथ सिंह पुत्र कामता प्रसाद शाक्य ने बताया कि उनकी 35 वर्षीय पत्नी रीता अपनी 5 वर्षीय बच्ची गायत्री को साथ लेकर 7 जनवरी को अपने मायके की कहकर चली गई। जाते समय घर से सारे जेवरात भी ले गई, परंतु मायके नहीं पहुंची। उन्होंने गुमशुदगी दर्ज करने की मांग की है।

# प्रेम संबंधों में ईर्ष्या के चलते मामा ने घोंटा था बहू का गला

**पुलिस ने पापी मामा को गिरफ्तार किया, अपराध किया स्वीकार**

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**मैनपुरी।** करहल थाना पुलिस ने 11 जनवरी को हुई 32 वर्षीय महिला की मौत की गुत्थी सुलझा ली है। पुलिस ने मृतका के प्रेमी मामा ससुर को गिरफ्तार किया है, जिसने प्रेम संबंधों में ईर्ष्या के चलते अपनी बहू की गला घोंटकर हत्या कर दी थी और साक्ष्य मिटाने के लिए शव को पेड़ से लटका दिया था, ताकि पुलिस को आत्महत्या की ओर घुमाया जा सके।

करहल पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए हत्यारोपी धर्मेंद्र कुमार निवासी मानपुर ने पुलिस पूछताछ में अपना गुनाह स्वीकार करते हुए पुलिस को बताया कि उसके अपने भांजे की पत्नी (बहू) के साथ पिछले चार माह से प्रेम संबंध थे। उसे शक था कि वह अपने एक पुराने प्रेमी (पड़ोसी) से अभी भी संपर्क है। आरोपी ने पुलिस को बताया, वह कई बार मना करने के बाद भी पड़ोसी से बात करती थी। 10 जनवरी की रात उसे बात करते देख लिया था, जिसके बाद मैंने उसे मिलने बुलाया। वहां विवाद हुआ और उसकी गला घोंटकर हत्या कर दी।



### कोर्ट से जेल भेजा गया हत्यारोपी मामा

सीओ करहल अजय सिंह चौहान ने बताया कि करहल प्रभारी निरीक्षक महाराज सिंह भाटी की टीम ने मुखबिर की सूचना पर गुरुवार की रात्रि धर्मेंद्र को गिरफ्तार किया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि हत्या के बाद उसने मामले को आत्महत्या दिखाने के लिए मृतका की साड़ी से ही शव को फंदे पर लटका दिया था। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### आखिर क्या थी पूरी वारदात

मामला 11 जनवरी का है, करहल थाना क्षेत्र के एक गांव में 32 वर्षीय महिला का शव गांव के बाहर जामुन के पेड़ पर लटका मिला था। शुरूआत में इसे आत्महत्या माना जा रहा था, लेकिन पोस्टमार्टम में मौत का कारण गला घोंटकर हत्या की बात सामने आई थी, जिसके बाद पुलिस ने हत्या की दिशा में जांच की थी।

## छोटी खबरें

### झाड़ी वाले मियां शाह की दरगाह पर उर्स का आगाज



मोर्निंग सिटी संवाददाता, **कुरावली/मैनपुरी।** नगर के मोहल्ला पठानान स्थित ऐतिहासिक झाड़ी वाले मियां शाह की दरगाह पर शुक्रवार की रात से तीन दिवसीय उर्स मुबारक का शानदार शुभारंभ हुआ। उर्स की शुरूआत कुरान ख्वानी के साथ हुई, जिसमें बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत की और देश में अमन-चैन की दुआएं मांगी। कुरान ख्वानी के उपरांत जश्न-ए-ईद मीलादुन्नबी का आयोजन किया गया, जिसमें नात-ए-पाक की महफिल सजी। देशभर से आए मशहूर कव्वालों ने अपने सूफियाना कलाम पेश कर समां बांध दिया। उलेमा-ए-इकराम ने रसूल-ए-पाक की सीरत पर रोशनी डालते हुए इस्लामी शिक्षाओं को अपनाने का पैगाम दिया। उर्स में कव्वाली का दौर रात्रिभर चलता रहा। कव्वालों ने एक के बाद एक कव्वाली पेश करके शमां बांध दिया। उर्स के दौरान दरगाह परिसर को रंग-बिरंगी रोशनियों से सजाया गया, जिससे माहौल रूहानी और मनमोहक हो गया। अकीदतमंदों ने चादरपोशी कर मन्नतें मांगी और लंगर में भाग लिया। उर्स के आगामी दो दिनों में भी विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें दूर-दराज से आने वाले जायरीन की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है। प्रशासन द्वारा सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। उर्स में पहले दिन के कार्यक्रम में हाजी मोहम्मद रिजवान कुरैशी, सदर असद खान, सभासद अनीस राईन, तफज्जुल, डॉ. यासीन, शैफी फारूखी, असलम राईन, रिहान कुरैशी, अंसार मंसूरी और शकील अहमद सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### विज्ञान क्विज प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा




मोर्निंग सिटी संवाददाता, बेवर/मैनपुरी। शनिवार को नगर के ब्लॉक संसाधन केंद्र परिसर में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय विज्ञान क्विज प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में ब्लॉक के समस्त उच्च प्राथमिक विद्यालयों के कक्षा 6, 7 और 8 के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रत्येक स्कूल से तीन-तीन बच्चों (कक्षा 6, 7 और 8 से एक-एक) का चयन किया गया था, जिसके चलते कुल 189 छात्र-छात्राओं ने अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए प्रश्न पत्र डाइट (क्प्म्ज) भोगांव द्वारा उपलब्ध कराया गया था। विज्ञान क्विज का आयोजन दो पालियों में किया गया। प्रथम पाली सुबह 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 1 बजे से 2 बजे तक चली। परीक्षा संपन्न होने के तत्काल बाद शिक्षकों की देखरेख में मूल्यांकन कार्य पूर्ण किया गया। मूल्यांकन के आधार पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले टॉप 10 छात्र-छात्राओं का चयन किया गया। इनमें 5 छात्र क्विज प्रतियोगिता से और 5 छात्र विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी से चुने गए। इन मेधावियों को खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) कपूर सिंह परिहार, डाइट मेंटर सत्येंद्र सिंह, एआरपी राहुल कुमार (गणित) और एआरपी पवितेंद्र (विज्ञान) द्वारा शील्ड व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी कपूर सिंह परिहार ने बताया कि चयनित इन टॉप 10 छात्र-छात्राओं को अब जनपद स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए भेजा जाएगा। उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शिक्षकों को निरंतर मार्गदर्शन देने के लिए प्रेरित किया।

## कुरावली की सड़को पर कोहरे के कारण कई वाहन भिड़े

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कुरावली/मैनपुरी।** शुक्रवार की मध्य रात्रि नगर की सड़को पर घने कोहरे का असर देखने को मिला, जिसके चलते नेशनल हाईवे 34 पर कई वाहन आपस में भिड़ गए, नेशनल हाईवे पर रात्रि करीब 11.30 बजे गांव बरौलिया मोड़ के निकट सड़क हादसा हो गया। हरदोई डिपो की रोडवेज बस आगे चल रहे ट्रक में जा घुसी। जिसके चलते बस क्षतिग्रस्त हो गई। इस घटना में रोडवेज बस का चालक घायल हो गया।

नेशनल हाईवे पर घने कोहरे के कारण वाहनो के भिड़ने का सिलसिला यूं ही चलता रहा, रात को ही रोडवेज बस के ट्रक से टकराने के बाद आयशर कैंटर ने भी बस में टक्कर मार दी। कैंटर के पीछे चल रही इको स्पोर्ट कार भी हादसे की चपेट में आ गई। इस दुर्घटना में रोडवेज बस चालक हरपाल, निवासी हरदोई, घायल हो गया। सूचना मिलने के बाद कोतवाली इंस्पेक्टर ललित भाटी मय पुलिसवल के साथ मौके पर पहुंचे, पुलिस के द्वारा घायल रोडवेज बस चालक को सीएचसी में भर्ती कराया। नेशनल हाईवे पर कई वाहनों के एक साथ



भिड़ जाने के बाद यातायात प्रभावित हो गया, वाहनो की लाइनें लग गई, पुलिस ने भिड़े हुए क्षतिग्रस्त वाहनों को साइड में कराकर नेशनल हाईवे पर यातायात सुचारु कराया। यातायात को सुचारु करने में भी पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि शनिवार की सुबह घटना के समय क्षेत्र में घना कोहरा छाया हुआ था, जिससे दृश्यता बेहद कम हो गई थी। पुलिस का कहना है कि कोहरे के कारण वाहन चालकों को आगे का अनुमान नहीं लग सका, जिससे यह दुर्घटना हुई। फिलहाल यातायात सामान्य गति से संचालित कराया जा रहा है।

## किसानों के पट्टे निरस्त करने का तहसील में किया विरोध

**सैंकड़ो किसानों ने किसान नेताओं के साथ एसडीएम से की मुलाकात**

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**भोगांव/मैनपुरी।** क्षेत्र की ग्राम पंचायत छाछा के सैंकड़ो किसानों ने किसान यूनियन के तहसील अध्यक्ष के साथ एसडीएम से मुलाकात कर मौजा में सैकड़ों बीघा के पट्टों को निरस्त करने पर विरोध जताया।किसानों ने तहसील में प्रदर्शन कर निरस्त किए गए पट्टों को बहाल करने की मांग की है।

शनिवार को ग्राम सभा छाछा के मजरा बनहार, उमरीगर, चंद्रपुर, नगला कोठी, जगतपुरा, द्वारकापुर, गिगौरा के एक सैकड़ा से अधिक किसानों ने भारतीय किसान यूनियन के नेता बेचेलाल राजपूत और अधिवक्ता रामसेवक राजपूत ने एसडीएम संध्या शर्मा को को बताया कि उनके मौजा छाछा में लगभग 46 बर्ष पूर्व पूरी कानूनी कार्यवाही के बाद आधा सैकड़ा से अधिक किसानों को सैकड़ों बीघा कृषि भूमि के पट्टे वितरित किए गए थे। किसानों ने खून पसीने से भूमि सींच कर खेती योग्य किया है और उन्हें 57 ख में अंकित करा कर अब संक्रमणि भूमिधर का दर्जा मिल गया है। उन्हें कुछ भी जानकारी दिए बिना उनके पट्टे निरस्त किए जा रहे हैं। किसान नेताओं ने पूरी



कार्यवाही को गलत ओर अधिकारियों की मनमानी बताता ओर निरस्त किए गए पट्टों को बहाल करने की मांग की।

**तहसील में जाकर किसानों ने किया प्रदर्शन-** इससे पूर्व किसानों ने तहसील में जमकर नारेवाजी ओर प्रदर्शन किया । इस मौके पर जय सिंह लोधी, अवधेश राजपूत, श्रीकृष्ण, अजय सिंह लोधी, अनिलकुमार, महादेवी, प्रेमसिंह, जसरथ राजपूत सहित लगभग एक सैकड़ा लोग मौजूद रहे।

**एसडीएम ने मामले में क्या कहा-** इस संबंध में एसडीएम संध्या शर्मा ने कहा कि मामले में लगभग दस माह पहले जिलाधिकारी से शिकायत की गई थी जिसकी जांच मुख्यालय से तीन सदस्यों की टीम ने की थी।

जिसकी जांच में कुछ पट्टों को निरस्त किए जाने की संतुति की थी। उसी पर कार्यवाही की करते हुए निरस्तीकरण कार्यवाही की जा रही है।

## भूमि संबंधी शिकायत को किसी भी दिशा में लंबित न रखा जाएं

**संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम, एसपी ने सुना पीड़ितो का दर्द**

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**मैनपुरी।** सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील करहल में डीएम अंजनी कुमार सिंह ने पीड़ितों की शिकायत सुनकर, उनकी शिकायतों के निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने कहा कि भूमि विवाद से संबंधित शिकायतों में कमी आयी है, जनपद में जन-शिकायतों के निस्तारण की प्रगति भी बेहद संतोषजनक है लेकिन फिर भी कुछ स्थानों पर जबरन, दबंगई के बल पर अनाधिकृत कब्जे की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं।

उन्होने कहा कि भूमि सम्बन्धी शिकायतों को किसी भी दशा में लंबित न रखा जाए, तत्काल पुलिस, राजस्व की टीम गठित कर मौके पर भेज कर समस्या का निदान कराया जाए, भूमि की पैमाइश, अनाधिकृत कब्जे हटाते समय फोटो लिये जाएं, समस्या का



निदान करने के पश्चात शिकायतकर्ता के साथ 02 गणमान्य व्यक्तियों के हस्ताक्षर कराएं जाऐं, राजस्व विभाग के अधिकारी, कर्मचारी भूमि संबंधी प्रकरणों पर विशेष सावधानी बरतें, एक बार पैमाइश, मेढ़बंदी के बाद यदि किसी के द्वारा पुनः कब्जा किया जाए तो ऐसे व्यक्तियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करायें। शनिवार को जन-सुनवाई के दौरान मुं. बाग वृन्दावन नि. अंकुश ने नया हेडपंप लगवाने, मुं. मनिहारन नि. सोहीन ने ससुरालीजनों द्वारा घर से निकाले जाने तथा गलत एफ.आई.आर. दर्ज कराने, हकीमपुर नि. सम्पति देवी ने विपक्षियों द्वारा भूमि पर जानवर बांध अवैध कब्जा किये जाने, मु. वाजार करहल नि. राजू ने विद्युत विभाग की ओर से लगाये गये जुमार्ने की धनराशि को मॉफ कराये जाने, ग्राम रेड़ापुर नि. दिलीप पाल सिंह ने खेत का रकवा पूर्ण कराये जाने, नगला अलाई भाग किरथुआ नि. लक्ष्मी देवी ने गाटा संख्या-903. 904 पर विपक्षीगणों द्वारा अवैध कब्जे को हटवाये जाने की मांग अपने शिकायती प्रार्थना पत्रों के माध्यम से की, जिन्हें सम्बन्धित अधिकारियों को पृष्ठांकित कर निस्तारण हेतु उपलब्ध कराया।

पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद शाहा ने पुलिस से संबंधित शिकायतों को सुन अधीनस्थों को तत्काल प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आर.सी. गुप्ता, उप जिलाधिकारी करहल सुनिष्ठा सिंह, क्षेत्राधिकारी करहल अजय पाल सिंह, जिला विकास अधिकारी अजय कुमार, परियोजना निदेशक डी.आ.डी.ए. सत्येंद्र कुमार, उप कृषि निदेशक नरेंद्र कुमार त्रिपाठी, उपायुक्त उद्योग उत्कर्ष चंन्द्र, जिला समाज कल्याण अधिकारी अशोक कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी राजनाथ राम, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी राजेश बघेल, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण, विद्युत, जल निगम, अनिल सक्सैना, आईजीआरएस शिकायत प्रभारी अनुज कुमार सहित अन्य अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम ने सुनीं शिकायतें



मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कुरावली/मैनपुरी।** शनिवार को तहसील परिसर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान एसडीएम नीरज द्विवेदी ने क्षेत्रीय लोगों की समस्याएं सुनीं। समाधान दिवस में कुल 11 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें 10 शिकायतें राजस्व विभाग से संबंधित रहीं, जबकि एक शिकायत पुलिस विभाग से जुड़ी थी। एसडीएम ने सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। इस मौके पर तहसीलदार अरविंद गौतम, नायब तहसीलदार अखिल गोयल, बीडीओ सुनील कुमार सहित क्षेत्रीय लेखपाल उपस्थित रहे।

## यातायात नियमों का पालन करने की छात्र-छात्राओं ने ली शपथ

**नगर क्षेत्र की सड़को पर जागरुकता रैली निकालकर जागरुक भी किया**




मोर्निंग सिटी संवाददाता

**भोगांव/मैनपुरी।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अर्न्तगत शनिवार को नेशनल महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं और शिक्षक वर्ग ने सड़क सुरक्षा की शपथ ली और जन-जागरूकता के लिए एक रैली निकाली। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के समस्त स्टाफ और विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से यातायात नियमों के पालन की प्रतिज्ञा की।

शपथ में मुख्य रूप से निम्नलिखित बिंदुओं पर जोर दिया गया, दो पहिया वाहन चलाते समय चालक और पीछे बैठी सवारी, दोनों मानक वाले हेलमेट का अनिवार्य प्रयोग करेंगे। चार पहिया वाहन चलाते समय हमेशा सीट बेल्ट लगाएंगे, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग नहीं करेंगे और न ही नशे की हालत में ड्राइविंग करेंगे, निर्धारित गति सीमा का पालन करेंगे और कभी भी गलत दिशा (रॉन्ग साइड) में वाहन नहीं चलाएंगे, शपथ के दौरान इस भावुक अपील को भी दोहराया गया कि ष्घर पर बच्चे और परिवार हमारा इंतजार कर रहे हैं, अतः हम सदैव सुरक्षित और सावधानी से वाहन चलाएंगे।

### दुर्घटनाओं का कम करने को किया प्रेरित

शपथ ग्रहण के पश्चात महाविद्यालय परिसर से एक सड़क सुरक्षा रैली निकाली गई। इस रैली के माध्यम से युवाओं ने आम जनमानस को सड़क पर अनुशासन बनाए रखने और दुर्घटनाओं को कम करने के लिए प्रेरित किया।

### कार्यक्रम के दौरान यह रहे मौजूद

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोख एसके निमेष ने सड़क सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में प्रो० एम०के० आनंद, डॉ० अवधेश कुमार, डॉ० राजेश सिंह चौहान, डॉ० कौशलेन्द्र दीक्षित, डॉ० वंदना सक्सैना, डॉ० आशुतोष मिश्रा, डॉ० मुनिराज, डॉ० नेहा शाक्य सहित पंकज दीक्षित, अभिनय भटनागर, अभय यादव, अरविन्द कुमार एवं भारी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## पैसें वापस न करने पर समधी के खिलाफ दी तहरीर

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**किशनी/मैनपुरी।** बेबी देवी पत्नी राजेश यादव निवासी गांव जिजई ने तहरीर दी कि उनकी बेटी खुशबू की शादी 3 वर्ष पूर्व अवनीश उर्फ सपन कुमार पुत्र बृजेश यादव निवासी गोबेपुर इटावा के साथ हुई थी उनका कहना है की ऑपरेशन द्वारा बच्ची पैदा होने पर उन्होंने अपने समधी बृजेश यादव पुत्र विद्याराम को 40 हजार रुपए दिए थे अब वह अपने पैसे कई बार मांग चुकी हैं लेकिन समधी उनके पैसे वापस नहीं कर रहे हैं। उनके दामाद उनके घर पर एक बाइक रख गए हैं और उनकी बेटी के साथ दिल्ली रह रहे हैं। उन्होंने बताया कि उनके समधी उनके रुपए वापस कर दें और अपनी बाइक को ले जाएं।


## घने कोहरे के चलते थम गई मैनपुरी की सड़कों पर रफ्तार

**लाइट जलाकर रेंगते हुए नजर आए वाहन, कड़ाके की ठंड ने बढ़ाई मुश्किलें**

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**मैनपुरी।** शनिवार की सुबह घने कोहरे की चादर में लिपटी रही। दृश्यता बेहद कम होने के कारण सड़कों पर वाहनों की रफ्तार थम गई। जनपद के राष्ट्रीय राजमार्गो सहित प्रांतीय मार्गों व गांवों की सड़को पर वाहन रेंगते नजर आए, जिससे यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

शनिवार को कड़ाके की सर्दी के दस्तक देने के साथ ही न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जिससे गलन भरी सर्दी ने लोगों को कंपकंपाने पर मजबूर कर दिया। सुबह स्कूल जाने वाले बच्चों और दफ्तरों के लिए निकले कर्मचारियों को खासा परेशान होना पड़ा। कोहरे के चलते कई स्थानों पर वाहन चालकों को हेडलाइट जलाकर चलना पड़ा। कोहरे के चलते कई स्थानों पर वाहन चालकों ने लाइट जलाकर धीमी गति से सफर किया। सुबह की गलन भरी सर्दी ने आम जनजीवन को भी प्रभावित किया। स्कूल जाने वाले बच्चों और दफ्तर जाने वाले कर्मचारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। ठंडी हवा और नमी के कारण लोग अलाव और गर्म कपड़ों का सहारा लेते नजर आए। सुबह की सैर पर निकलने वालों की संख्या भी काफी कम रही।



### मौसम विभाग का क्या है पूवार्नुमान

मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस जबकि न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम वैज्ञानिक नरेंद्र कुमार वर्मा ने आगामी दिनों में सुबह के समय कोहरा बने रहने की संभावना जताई है। ऐसे में वाहन चालकों को सावधानी बरतने और आवश्यक होने पर ही यात्रा करने की सलाह दी गई है।

# कृत्रिम अंग दिव्यांग जनों के जीवन में आशा और आत्मनिर्भरता का माध्यम है -नीरज शर्मा

मॉर्निंग सिटी संवाददाता



**कासगंज।** लायंस क्लब कासगंज के तत्वाधान में निःशुल्क कृत्रिम अंग वितरण शिविर का आयोजन लायंस क्लब अध्यक्ष दिनेश वर्मा की अध्यक्षता में गंगा देवी धर्मशाला रेलवे रोड कासगंज पर संपन्न हुआ। कार्यक्रम में लायंस क्लब द्वारा लगाया गया चिकित्सा शिविर में रजिस्ट्रेशन कराने के बाद चयनित 20 दिव्यांगों को निःशुल्क कृत्रिम पैर और कैलीपर्स तथा छड़ी का वितरण किया गया इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष नीरज शर्मा ने कहा कृत्रिम अंग दिव्यांग जनों के जीवन में आशा और आत्मनिर्भरता का माध्यम है हाथ पैर या अंगों की कमी होने पर कृत्रिम अंग दिव्यांग जनों को आत्मविश्वास देकर उन्हें सम्मान पूर्वक जीने की प्रेरणा देते हैं लायंस क्लब कासगंज ने दिव्यांगों को कृत्रिम अंग निशुल्क प्रदान कर सेवा भाव का उदाहरण पेश किया है। कृत्रिम अंग दान शिविर कासगंज में लॉयंस क्लब द्वारा लगने से नगर में एक ऐतिहासिक पहल हुई है पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र बोहरे ने कहा दिव्यांगजन समाज का अभिन्न अंग है कृत्रिम अंग व्यक्ति को दैनिक कार्य करने में सक्षम बनाते हैं सचिव विजय राजपूत ने कहा लायंस क्लब सामाजिक संस्था के सहयोग से कृत्रिम अंग वितरण करना दिव्यांग जनों को आत्मविश्वास देकर उन्हें संपूर्ण जीवन जीने की प्रेरणा देते हैं जिला विद्यालय निरीक्षक जगदीश प्रसाद शुक्ला ने कहा दिव्यांग जनों की सेवा केवल दया और सहानुभूति का विषय नहीं बल्कि समान अधिकार और सम्मान करने का नैतिक संवैधानिक दायित्व है लक्ष्मण सिंह (एआरएम)ने कहा दिव्यांग जनों की सेवा का प्रथम चरण उनकी आवश्यकताओं की सही पहचान से शुरू होता है लायंस क्लब इसका उदाहरण है कार्यक्रम का संचालन विजेंद्र सिंह ने किया क्लब के सचिव विजय राजपूत एवं अध्यक्ष दिनेश वर्मा तथा लायंस क्लब के सदस्यों ने 20 दिव्यांग जनों को कैलीपर्स तथा कृत्रिम पैर देने के साथ-साथ प्रमाण पत्र भी दिए तथा सभी अतिथियों ध्डॉक्टरों तथा आगुंतकों को पटका पहनाकर तथा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया कार्यक्रम अध्यक्ष दिनेश वर्मा ने सभी आगुतकों का स्वागत कर आभार व्यक्त किया इस अवसर पर सुनील कुमार कावरा (अध्यक्ष) उपेंद्र महेश्वरी (प्रबंधक) नितिन माहेश्वरी (मंत्री)का भी स्वागत किया गया शेष चंद कावरा लक्ष्मीकांत चोला रामरक्षपाल सिंह लाल सिंह वर्मा राजेंद्र बिरला विजेंद्र सिंह सुनील महेश्वरी कमल सिंह यादव प्रदीप सिंह मोहन अग्रवाल मोहित अग्रवाल प्रदीप माहेश्वरी अनिल महेश्वरी राजीव महेश्वरी प्रेमचंद साहू श्रीमती शांति देवी अशोक मिश्रा प्रेम राणा केपी सिंह सुनील गुप्ता आशीष गोयल नरेश अजमेरा पुष्पेंद्र तिवारी रचना तिवारी राजेंद्र सिंह नेगी लोकेश बिष्ट कुलदीप शर्मा अनेक पाल सिंह वीरेश कुमार के अलावा आदि लोग मौजूद रहे।

## *नव मतदाता पंजीकरण शिविर का हुआ आयोजन*



मॉर्निंग सिटी संवाददाता

**कासगंज।** सहावर मण्डल के बूथ संख्या 116 एवं 117 पर आयोजित नव मतदाता पंजीकरण शिविर में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा ने प्रतिभाग किया। शिविर में जिलाध्यक्ष को युवाओं की सक्रियता, जागरूकता और लोकतांत्रिक कर्तव्यों के प्रति उत्साह देखकर अत्यंत हर्ष हुआ।

जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा ने उपस्थित युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि यदि आपकी आयु 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है, तो फॉर्म नम्बर 6 भरकर अपना नाम मतदाता सूची में अवश्य दर्ज कराएं। आपका एक वोट न सिर्फ राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनाता है, बल्कि लोकतंत्र के इस महापर्व को और भी मजबूत करता है।

शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं ने पंजीकरण कराकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी प्रतिबद्धता दर्शाई। कार्यक्रम के दौरान जिला मंत्री श्री के.पी. सिंह, मण्डल अध्यक्ष, भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्त्ता एवं स्थानीय आमजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# अमापुर मे महाराणा प्रताप की मूर्ति के लगने को लेकर विवाद

## डीएम ने मौके पर भेजी राजस्व विभाग की टीम



मॉर्निंग सिटी संवाददाता

**कासगज।** अमापुर थाना क्षेत्र के सहावर रोड पर महाराणा प्रताप की मूर्ति स्थापना स्थल के हो रहे निर्माण को लेकर दो पक्षों में विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई जिला अधिकारी कासगंज प्रणय सिंह ने तत्काल प्रभाव से जानकारी मिलने पर राजस्व की टीम भेज दी, प्रशासनिक अधिकारियो ने दोनों दोनों पक्षों में समझौता करा कर मामले को शांत कराया अब उसी जगह पर महाराणा प्रताप की मूर्ति स्थापित की जाएगी

विदित हो कि अमापुर के सहावर रोड पर महाराणा प्रताप कि मूर्ति स्थल का निर्माण कार्य चल रहा था जिस पर प्रवेन्द्र पाण्डेय ने रोक लगाई, उनका कहना था यह जमीन उनके नाम है, इस जमीन को अमापुर के सुधीर गुप्ता ने उन्हें बेचा है, सुधीर गुप्ता भी मौके पर पहुंच गए ओर उन्होंने इस जमीन के बदले दूसरी जमीन प्रवेन्द्र पाण्डेय को देने कि बात कही तब मामला शांत हुआ, मामले की जानकारी तहसील दिवस मे जिलाधिकारी कासगंज प्रणय सिंह को मिली उन्होंने तुरंत राजस्व विभाग की टीम नायब तहसील दार पृथ्वीराज सिंह, पंकज शर्मा, राजेश यादव, अनुराधा दीक्षित को भेजा, राजस्व कर्मियों की वजह से विवाद का निस्तारण हो गया।

# डीएम व एसपी की अध्यक्षता में तहसील सहावर में हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

मॉर्निंग सिटी संवाददाता




**कासगंज।** जिलाधिकारी प्रणय सिंह व पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा की अध्यक्षता में तहसील सहावर के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन कर आम जनमानस की समस्याओं व शिकायतों का निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतों का त्वरित, गुणवत्तापरक एवं निष्पक्ष निस्तारण ही शासन की प्राथमिकता है। सभी अधिकारी प्राप्त प्रार्थना पत्रों को शीघ्रता से निस्तारित करना सुनिश्चित करें। जिससे पीड़ितों को पूर्ण संतुष्टि मिले। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। जिलाधिकारी के समक्ष इस अवसर पर अधिक धनराशि के बिजली के बिल आने, विधवा व वृद्वावस्था पेंशन न मिलने, राशन कार्ड बनवाने, भूमि की पैमायश कराने, अवैध कब्जा हटवाने, राजस्व, भूमि विवाद, उत्पीड़न, आपसी विवाद आदि से सम्बंधित 26 प्रार्थना प्रत्र प्राप्त हुये। जिनमें से 03 प्रार्थना पत्रों को मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया। जिलाधिकारी ने सभी प्रार्थना पत्रों को गंभीरतापूर्वक सुनकर सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को प्राप्त हुई शिकायतों व समस्याओं के प्रभावी व गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस पर तहसील सहावर में उपजिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी न्यायिक, जिला कार्यक्रम अधिकारी, अधिशाषी अभियंता विद्युत एवं समस्त जिला स्तरीय अधिकारी तथा सीओ, तहसीलदार, समस्त क्षेत्रीय खण्ड विकास अधिकारी एवं थाना प्रभारी उपस्थित रहे। सम्पूर्ण समाधान दिवस पर जिले की अन्य दोनों तहसील कासगंज एवं पटियाली में मुख्य विकास अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी द्वारा जनता की समस्याओं व शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना गया तथा विभागीय अधिकारियों को यथाशीघ्र प्रार्थना पत्रों को निस्तारित करने के निर्देश दिये गये।

# श्री राम नाम से होंगी राम राज्य की स्थापना - पंडित निर्मल शास्त्री

मॉर्निंग सिटी संवाददाता




**कासगंज।** देश मे राम राज्य की स्थापना के लिए उत्तर प्रदेश 75 जिलों मे श्री राम कथा की अमृत वर्षा हो रही है कथा कामुख्य उद्देश्य देश मे राम राज्य की स्थापना कर सनातन धर्म के प्रति लोगो को जागरूक करना होगा, शहर के बारहा पत्थर मैदान मे आयोजित हो रही श्री राम कथा का उद्देश्य राम राज्य की स्थापना होना है उक्त बात प्रेस वार्ता के दौरान पंडित निर्मल शास्त्री ने कही,कथा से पूर्व पंडाल मे भूमि पूजन के साथ गणेश पूजन धवजा रोहण किया गया

शहर कासगंज के बारह पत्थर मैदान में 19 जनवरी से शुरू हो रही श्री राम कथा अमृत वर्षा 29 जनवरी तक चलेगी इस दौरान कथा को लेकर व्यवस्था की गई है 12 पत्थर मैदान में भव्य पंडाल लगाया जा रहा है कथा के विषय में जानकारी देते हुए अखिल भारतीय श्री राम कथा जागरण मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित निर्मल शास्त्री अयोध्या धाम ने बताया कि यह कथा पूरे प्रदेश के 75 जिलों में आयोजित की जा रही है कासगंज तीस वा जिला है इस कथा के मुख्य जवान हनुमान जी महाराज हैं कासगंज में कथा का आयोजन श्री राम मित्र मंडली कासगंज के द्वारा कराया जा रहा है प्रातः 8:00 बजे से लेकर 10:00 बजे तक हवन यज्ञ किया जाएगा जिससे पर्यावरण सुरक्षा बनी रहे उन्होंने बताया कि राम कथा के माध्यम से सनातन धर्म का प्रचार प्रसार राम जी के आचरण के बारे में भक्तों को बताना एवं माता-पिता की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है इस अवसर पर संजय धूपड़, राजवीर साहू,मनोज गुप्ता सौरभ गुप्ता, रॉकी गुप्ता,जितेंद्र वार्ष्णेय, सहित आदि लोग उपस्थिति थे।

## विशेष अभियान तिथियां 17, 18, 31 एवं 01 फरवरी

**मॉर्निंग सिटी संवाददाता कासगंज।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी (वि०ध्रा०) दिग्विजय प्रताप सिंह द्वारा अवगत कराया गया है कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार जनपद में अवस्थित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों की अर्हता तिथि 01.01.2026 के आधार पर विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत दिनांक 06.01.2026 से दिनांक 06.02.2026 तक अर्ह मतदाताओं से दावे और आपत्ति संबंधित बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा बूथों पर तथा तहसील स्थित मतदाता पंजीकरण केन्द्रों पर प्राप्त किये जा रहे है। उक्त अवधि के अन्तर्गत निम्न विशेष अभियान तिथियाँ निर्धारित की गई हैं विशेष अभियान तिथियां-दिनांक 17.01.2026, 18.01.2026, 31.01.2026 एवं दिनांक 01.02.2026 उक्त विशेष अभियान तिथियों में संबंधित बूथ पर हेल्प डेस्क की स्थापना की गई है, जहाँ पर अर्ह मतदाताओं को फार्म भरने में बूथ लेवल अधिकारी/बूथ लेवल एजेण्ट/संबंधित क्षेत्र के सभासद, ग्राम प्रधान, वॉलिन्टियर आदि सहायता प्रदान करेंगे।

## प्रथम किश्त की धनराशि आज प्रेषण के सम्बन्ध में

**मॉर्निंग सिटी संवाददाता कासगंज।** परियोजना अधिकारी जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) सुभाषवीर सिंह राजपूत के द्वारा अवगत कराया गया है कि मा० मुख्यमंत्री जी द्वारा दिनांक 18.01.2026 को समय 03:00 बजे प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के अन्तर्गत लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण के लाभार्थियों को सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रथम किश्त की धनराशि का प्रेषण किये जाने के सम्बन्ध में जनपद स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। उपरोक्त के क्रम में आपसे अनुरोध है कि मा० मुख्यमंत्री जी द्वारा दिनांक 18.01.2026 को समय 03:00 बजे प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के अन्तर्गत लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण के लाभार्थियों को सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रथम किश्त की धनराशि का प्रेषण किये जाने के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट परिसर में रुद्राक्ष सभागार में होने वाले कार्यकम में जनपद के विभिन्न नगरीय निकायों के 1706 लाभार्थियों को प्रथम किश्त रू0 1.00 लाख प्रदान किये जाने का प्रमाण पत्र वितरण आपके कर कमलों द्वारा किया जाना है।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक गंभीर घायल, रेफर

**मॉर्निंग सिटी संवाददाता कासगंज।** शहर कोतवाली क्षेत्र में अमांपुर रोड पर आवास विकास कालोनी के निकट रेलवे फाटक से गुजरते समय एक युवक ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया, जहां से चिकित्सकों ने बेहतर उपचार के लिए रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन उसे अन्यत्र लेकर चले गए। घटनाक्रम के अनुसार शुक्रवार की रात करीब साढ़े आठ बजे आवास विकास कालोनी निकट अमांपुर रोड रेलवे फाटक से ट्रेन गुजर रही थी। ट्रेन कासंगज से बरेली की ओर जा रही थी, तभी अचानक ट्रैक पार करने के प्रयास में एक व्यक्ति आ गया। ट्रेन की चपेट में आए युवक की शिनाख्त अमांपुर के नगला गुलरिया निवासी 31 वर्षीय भूदेव पुत्र नाथूराम हाल निवासी निकट सूरजप्रसाद डांगा इंटर कालेज अमांपुर रोड कासगंज के रूप में हुई। घायल की पत्नी मुन्नी देवी ने बताया कि उसका पति भूदेव बाजार से अपने घर लौट रहा था, तभी ट्रैक पार करते समय वह ट्रेन की चपेट में आ गया। घायल को पुलिस ने उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां से उसे रेफर कर दिया गया। इसके बाद परिजन युवक को बेहतर उपचार के लिए अन्यत्र लेकर चले गए।

## *चोरी की बाइक समेत आरोपी गिरफ्तार*

**मॉर्निंग सिटी संवाददाता कासगंज।** थाना सिकन्दरपुर वैश्य पुलिस ने चेकिंग के दौरान चोरी की बाइक समेत एक आरोपी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया है। थानाध्यक्ष चंचल सिरोही ने बताया कि शुक्रवार की रात पुलिस ने चेकिंग के दौरान छितैरा चैराहा से प्रमोद कुमार पुत्र परमेश्वर दयाल निवासी गड़िया थाना सिकन्दरपुर वैश्य को गिरफ्तार किया। उसके पास से पुलिस ने चोरी की एक बाइक बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की है।

# व्यापारी संवाद कार्यक्रम श्री गणेश इंटर कॉलेज में संपन्न

मॉर्निंग सिटी संवाददाता




**कासगंज।** शहर के श्री गणेश इंटर कॉलेज में राज्य कर विभाग द्वारा आयोजित व्यापारी संवाद कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी वीरेन्द्र सिंह रहे। इस अवसर पर जीएसटी विभाग के अधिकारियों ने उपस्थित व्यापारियों को प्रदेश सरकार की नीतियों की जानकारी दी तथा जीएसटी-2 में किए गए सुधारों के बारे में विस्तार से अवगत कराया। कार्यक्रम के दौरान सम्मानित अधिवक्ताओं एवं व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने जीएसटी से संबंधित विभिन्न व्यावहारिक समस्याओं एवं सुझावों को अधिकारियों के समक्ष रखा। व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष अखिलेश अग्रवाल ने अपने वक्तव्य में कहा कि पूर्व में जीएसटी के कुछ ऐसे प्रावधान थे, जिनमें व्यापारियों को जेल तक जाना पड़ता था, किंतु प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा ऐसे कठोर प्रावधानों को समाप्त कर व्यापारियों को बड़ी राहत दी गई है, जो सराहनीय कदम है। अखिलेश अग्रवाल ने अपने प्रस्ताव में यह भी कहा कि वर्ष 2007-08 की पुरानी मांगों को निकालकर अब नोटिस भेजे जा रहे हैं, जबकि कोई भी व्यापारी 17 वर्ष पुराना रिकॉर्ड सुरक्षित रखना संभव नहीं समझता। अतः इतने पुराने प्रकरणों में नोटिस देना बंद किया जाए तथा जीएसटी रिकॉर्ड रखने की एक निश्चित समय-सीमा निर्धारित की जाए। इसके अतिरिक्त यदि किसी प्रकार की मांग प्रस्तुत की जाती है, तो वह नोटिस के माध्यम से कम से कम 15 दिन का समय देकर की जाए। साथ ही, जीएसटी पंजीकृत व्यापारियों की उधारी की वसूली में विभाग की भी जिम्मेदारी तय की जाए, जिससे व्यापारियों को अनावश्यक परेशानियों से राहत मिल सके। कार्यक्रम में व्यापार मंडल के श्री सुरेश वार्ष्णेय, श्री रमेश साहू, श्री अंकिश अग्रवाल, श्री अमित महाजन, डॉ. विकास गुप्ता, श्री राकेश बिरला, श्री वैभव अग्रवाल, श्री साकेत बिंदल, श्री विवेक तायल, श्री राकेश अग्रवाल, श्री विकास तायल सहित अनेक सम्मानित अधिवक्ता एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार का संकल्प

मॉर्निंग सिटी संवाददाता




**कासगंज।** अशोक नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर शुक्रवार को राज्य स्तरीय टीम ने अचानक पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण का उद्देश्य स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की प्रगति, मरीजों को दी जा रही सुविधाओं और केंद्र की समग्र कार्यशैली को और बेहतर बनाना था। टीम ने पूरे अस्पताल परिसर में घूमकर व्यवस्था की स्थिति का गहन मूल्यांकन किया। निरीक्षण के दौरान डिप्टी सीएमओ के.के. वर्मा, डीसीपीएम रवि कुमार, एमओआईसी डॉ. ए.एन. चैहान, डॉ. उमा राजपूत, बीपीएम सुनील, बीसीपीएम अरविंद और बीएएम अंकुर मौजूद रहे। टीम ने रजिस्टरों की जांच की और मरीजों से बातचीत कर सेवाओं के बारे में फीडबैक लिया। अधिकांश मरीजों ने केंद्र पर मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं और कर्मचारियों के सहयोगी व्यवहार की सराहना की। टीम ने प्रसूति वार्ड, ओपीडी, आपातकालीन कक्ष, दवा वितरण केंद्र और टीकाकरण कक्ष का विस्तार से निरीक्षण किया। साफ-सफाई और उपलब्ध संसाधनों की स्थिति को बेहतर पाया गया। साथ ही जहाँ सुधार की आवश्यकता महसूस हुई, वहां त्वरित कार्रवाई करने के लिए सुझाव दिए गए। अधिकारियों ने कहा कि ह्लसरकार का उद्देश्य है कि हर नागरिक तक समय पर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ पहुंचे, और कासगंज स्वास्थ्य विभाग इस दिशा में सकारात्मक कार्य कर रहा है। निरीक्षण के दौरान टीम ने स्वास्थ्य कर्मियों की कार्यशैली को संतोषजनक बताते हुए सेवा भाव को और सुदृढ़ करने पर बल दिया। निरीक्षण के अंत में टीम ने अस्पताल प्रशासन को आवश्यक सुधार शीघ्र पूरा करने और आमजन को और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग ने आश्वस्त किया कि सभी सुझावों पर प्राथमिकता के आधार पर अमल किया।

# बीवीजी राम जी कानून किसान, मजदूरों को करेगा आर्थिक रूप से कमजोर

**सहावर के देहात में हुआ कांग्रेस कमेटी की मनरेगा कार्डधारक चैपाल कार्यक्रम**

**जिलाध्यक्ष ने कहा, कांग्रेस पार्टी मनरेगा योजना बचाने को कर रही है जागरूक**

मॉर्निंग सिटी संवाददाता




**कासगंज।** पार्टी हाईकमान के निर्देश पर जनपद में जिला कांग्रेस कमेटी मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत मनरेगा कार्डधारकों को जागरूक कर रही है। इसी के तहत शनिवार को सहावर देहात क्षेत्र के गांवों में मनरेगा कार्डधारक चैपाल कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान कांग्रेस कमेटी के वक्ताओं ने वर्तमान सरकार की बीवीजीरामजी कानून की खामियां बताईं और कहा कि इस योजना से किसानों, मजदूरों को आर्थिक रूप से कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है।

सहावर देहात क्षेत्र में आयोजित की गई मनरेगा कार्डधारक चैपाल का नेतृत्व करते हुए जिलाध्यक्ष मनोज पांडेय ने कहा कि पार्टी हाईकमान के निर्देश पर जनपद में 45 दिन के लिए चैपाल कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसके तहत मनरेगा कार्डधारकों को जागरूक किया जा रहा है। चैपाल के दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय बनाये गए मनरेगा कानून को भाजपा सरकार बर्बाद करने का प्रयास कर रही है। बीवीजी रामजी कानून लाकर किसान मजदूरों को आर्थिक रूप से कमजोर करने में लगी है। मनरेगा जिला कॉर्डिनेटर मुनेन्द्र पाल सिंह राजपूत ने कहा कि कांग्रेस पार्टी मनरेगा मजदूरों एवं उनके अधिकारों की लिए संघर्ष कर रही है और भाजपा के मंसूबों को पूरा नही होने देगी। इस दौरान अली हसन सोहराब, अमित यादव, दीप कुमार पांडेय, प्रतिभा सिंह, अर्चिका मिश्रा, शैल कुमारी, निर्जला कुमारी, राम सिंह वैद्य, फैज अली, कमल किशोर शर्मा, राजा सलमानी, राम औतार कश्यप, मोहम्मद सनी, ताज जुबैरी, असलम कुरैशी, यूसुफ अली, रजिया सुल्ताना, किताब सिंह, सादिक रजा, आकिर हुसैन, राज कुमार वार्ष्णेय, कफील मौजूद रहे।

## खेत पर भूसे की बुर्जी में दबा किसान, मौत

मॉर्निंग सिटी संवाददाता



**कासगंज।** सोरों कोतवाली क्षेत्र के मनिकापुर गांव में खेत पर बुर्जी से भूसा निकालते समय एक किसान दब गया। खेत पर मौजूद अन्य किसानों ने घटना की जानकारी उसके परिजनों को दी। परिवार के लोग उसे जिला अस्पताल लेकर आए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

परिजनों के मुताबिक मनिकापुर गांव निवासी 32 वर्षीय रामरतन पुत्र वीरी सिंह शनिवार की सुबह अपने खेत पर बुर्जी से भूसा निकालने के लिए गया था। बुर्जी से भूसा निकालते समय अचानक वह बुर्जी में ही दब गया। अन्य अन्य लोगों ने उसकी बुर्जी अचानक गिरी देखी तो परिवार के लोगों को खबर दी। इसके बाद परिवार के लोग खेत पर पहुंच गए। आनन-फानन में भूसा हटाकर रामरतन को बाहर निकाला। तब तक उसकी हालत गंभीर हो चुकी थी। उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसका स्वास्थ्य परीक्षण कर मृत घोषित कर दिया। रामरतन की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी मिलते ही पुलिस भी जिला अस्पताल पहुंच गईऔर परिजनों से पूरे मामले की जानकारी ली। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## छोटी खबरें

### गणेश मंदिर का 24वां स्थापना दिवस आज भव्य आयोजन की तैयारियां पूर्ण

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**हाथरस।** श्री गणेश सेवा मित्र मंडल के तत्वावधान में होली गली स्थित चमत्कारी गणेश मंदिर का 24वां स्थापना दिवस 18 जनवरी को हर्षोल्लास और भक्ति भाव के साथ मनाया जाएगा। यह जानकारी मंडल अध्यक्ष मनीष कूलवाल ने दी। उन्होंने बताया कि स्थापना दिवस के अवसर पर मंदिर में भव्य फूल बंगला सजाया जाएगा, जिसमें गणेश महाराज विराजमान होंगे। प्रातः 9 बजे महाभिषेक किया जाएगा, जबकि सायं 7 बजे से अलौकिक फूल बंगला दर्शन एवं महाआरती का आयोजन होगा। इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की जाएगी। कार्यक्रम में जनसता दल के प्रदेश सचिव एवं समाजसेवी रवि चौहान भट्टे वाले, फोकस अल्ट्रासाउंड के संचालक समाजसेवी डॉ. विकास शर्मा तथा सामाजिक कार्यकर्ता आशीष सेंगर को आमंत्रित किया गया है। आयोजन को भव्य रूप देने के लिए कमेटी द्वारा तैयारियां की जा रही हैं। मंदिर परिसर को आकर्षक लाइटों से सजाया जा रहा है। मंडल पदाधिकारियों ने समस्त धर्मप्रेमी जनता से फूल बंगला दर्शन कर पुण्य लाभ लेने की अपील की है। व्यवस्थाओं में मंडल अध्यक्ष मनीष कूलवाल, कोषाध्यक्ष संजू भगत, महामंत्री श्याम वर्मा, उपाध्यक्ष प्रशांत वर्मा, लोकेश वर्मा वाटरवर्क्स, अनिल वर्मा, दिवाकर वर्मा, कपिल अग्रवाल, राहुल कूलवाल, रवि वर्मा, राजेश रेवड़ी वाले तथा पूर्व सभासद भगवान वर्मा सहित अन्य सदस्य सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं।

### कोडीन कफ सिरप जांच में दवा व्यापारियों का उत्पीड़न न हो : मनोज पंडित

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**हाथरस।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नगर अध्यक्ष मनोज पंडित ने प्रेस बयान जारी कर कहा है कि कोडीन आधारित कफ सिरप के मामले में जांच के नाम पर नगर के दवा व्यवसायियों को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि किसी दुकानदार का उत्पीड़न किया गया तो व्यापार मंडल इसका पुरजोर विरोध करेगा। मनोज पंडित ने कहा कि प्रशासन एवं संबंधित विभागीय अधिकारी नियमानुसार जांच प्रक्रिया को अमल में लाएं। जिन दुकानदारों के यहां किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी नहीं है और न ही इस मामले में उनकी कोई संलिप्तता है, उन्हें जांच के नाम पर प्रतिष्ठान बंद रखने के लिए कहना सरासर उत्पीड़न की श्रेणी में आता है। उन्होंने सवाल उठाया कि बिना किसी ठोस आधार के दुकान बंद कराने का क्या औचित्य है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसी भी दवा व्यवसायी के साथ अन्यायपूर्ण व्यवहार किया गया तो व्यापार मंडल आंदोलन करने को बाध्य होगा। जांच के नाम पर किसी भी प्रकार की नाजायज कार्रवाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी और व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए संगठन मजबूती से खड़ा रहेगा।

### श्रीदाऊजी महाराज परिसर में 500 सीटों का ऑडिटोरियम बनाने की योजना

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**हाथरस।** श्रीदाऊजी महाराज परिसर में एक भव्य ऑडिटोरियम के निर्माण की योजना तैयार की गई है। लगभग 500 दर्शकों की क्षमता वाले इस ऑडिटोरियम का निर्माण करीब 20.11 करोड़ रुपये की लागत से प्रस्तावित है। यहां सांस्कृतिक कार्यक्रमों, संगोष्ठियों, नाट्य प्रस्तुतियों और अन्य सामाजिक आयोजनों का संचालन किया जा सकेगा। प्रस्तावित ऑडिटोरियम के निर्माण के लिए राष्ट्रीय स्मारक प्राधिकरण से स्वीकृति मांगी गई है, क्योंकि यह स्थल पुरातत्व विभाग द्वारा संरक्षित क्षेत्र में आता है। इसके साथ ही संस्कृति विभाग को भी 20.11 करोड़ रुपये का विस्तृत एस्टीमेट भेजा गया है। दोनों विभागों से अनुमति मिलने के बाद ही निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। ऑडिटोरियम में आधुनिक साउंड सिस्टम, बेहतर प्रकाश व्यवस्था, दर्शकों के लिए समुचित बैठने की सुविधा और मजबूत मंच संरचना उपलब्ध होगी। इससे स्थानीय कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रस्तुत करने के लिए एक सशक्त मंच मिलेगा और जिले की सांस्कृतिक गतिविधियों को नई पहचान मिलेगी। एडीएम बसंत अग्रवाल ने बताया कि संबंधित विभागों से स्वीकृति मिलने के बाद निर्माण कार्य को समयबद्ध तरीके से पूरा कराने का प्रयास किया जाएगा, ताकि जनता को शीघ्र ही इस सुविधा का लाभ मिल सके।

### पुलिस ने गिरफ्तार किए दो वारंटी

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कासगंज।** थाना सिढ़पुरा एवं गंजडुण्डवारा पुलिस ने क्षेत्र से दो वारंटी गिरफ्तार किए हैं। पुलिस ने वारंटियों के विरुद्ध अग्रिम कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया है। थाना सिढ़पुरा पुलिस ने वारंटी पप्पू पुत्र छोटे निवासी पिथनपुर सिढ़पुरा को गिरफ्तार किया है। थाना गंजडुण्डवारा पुलिस ने वारंटी मुन्नी आपा उर्फ खुरसो पत्नी नौसे निवासी बाँस की पुलिया सैयद कॉलोनी थाना गलता गेट जिला जयपुर, राजस्थान को गिरफ्तार किया है।

### उत्तर प्रदेश दिवस आयोजन की तैयारियों का डीएम व एसपी ने किया स्थलीय निरीक्षण



**हाथरस।** शासन की मंशा के अनुरूप उत्तर प्रदेश दिवस के भव्य आयोजन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 24 जनवरी 2026 को बागला डिग्री कॉलेज के मैदान में प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों का जिलाधिकारी अतुल वत्स ने पुलिस अधीक्षक चिरंजीवनाथ सिन्हा के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान लेआउट प्लान के माध्यम से कार्यक्रम स्थल की सभी व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया गया। स्थलीय भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी ने प्रवेश एवं निकासी मार्ग, मुख्य मंच, विभिन्न विभागों के स्टॉल, पार्किंग व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, बैरीकेडिंग, सुरक्षा व्यवस्था, विद्युत, पेयजल, स्वच्छता, अग्निशमन तथा आपातकालीन सेवाओं सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की और संबंधित अधिकारियों से आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा की। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम की सभी तैयारियां समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण की जाएं। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को भव्य, सुव्यवस्थित और सुरक्षित रूप से संपन्न कराना सभी विभागों की सामूहिक जिम्मेदारी है। अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ सौंपे गए दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान कार्यक्रम में कानून-व्यवस्था, यातायात नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती तथा प्रभावी ट्रैफिक प्लान तैयार करने के भी निर्देश दिए गए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, उप जिलाधिकारी सदर सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### इच्छुक गैर सरकारी संगठन अथवा स्वैच्छिक संस्थाएं जो वांछित अर्हताए पूर्ण कर रहे हो उक्त योजनान्तर्गत 07 परियोजनाओंध्कार्यक्रमो में अपना प्रस्ताव कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, कासगंज में उपलब्ध करा सकते है

**मोर्निंग सिटी संवाददाता कासगंज।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी हेमेन्द्र स्वरूप द्वारा अवगत कराया गया है कि दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम-2016 में परिभाषित 21 प्रकार की दिव्यांगताओं (मानसिक मंदित एवं मानसिक रूप से रूग्ण दिव्यांगजनों को छोड़कर) हेतु, दिव्यांगजन के सवार्गीण पुनर्वासन हेतु स्वैच्छिक संस्थाओं को सहायता योजना संचालित किए जाने के लिए कार्यकारी आदेशध्दिशा-निर्देश निर्गत किए गए है। उक्त योजनान्तर्गत 07 परियोजनाओं ध् कार्यक्रमों को सहायता अनुदान देते हुए योजनान्तर्गत कियान्वयन किए जाने का निर्णय लिया गया है जिसका विवरण निम्नवत है अर्ली इण्टरवेंशन सेन्टर, डे केयर सेन्टरध्प्री-प्राइमरी स्कूल, प्राइमरी स्कूल के स्तर के विशेष विद्यालयों का संचालन, जूनियर हाईस्कूल स्तर तक के विशेष विद्यालयों का संचालन, हाईस्कूल स्तर तक के विशेष विद्यालयों का संचालन, कौशल विकास (अधिकतम 04 ट्रेंड तथा न्यूनतम 02 ट्रेंड), पाठ्य सामग्री विकास एवं पुस्तकालयों का संचालन। उद्देश्य:- दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 में परिभाषित 21 प्रकार की दिव्यांगताओं (मानसिक मंदित एवं मानसिक रूप से रूग्ण दिव्यांगजनों को छोड़कर) के सवार्गीण विकास पुनर्वासन हेतु स्वैच्छिक संस्थाओं को सहायता प्रदान कर दिव्यांगजन को समाज की मुख्य धारा में सहयुक्त करने के लिए उनके शिक्षण, प्रशिक्षण, जागरूकता, संवेदनशीलता, कौशल विकास एवं शीघ्र पहचान से संबंधित कार्यक्रमों को संचालित करने वाले स्वैच्छिक संगठनों को अनुदान प्रदान किया जाना। पात्रता:- सहायता अनुदान हेतु आवेदन करने वाली संस्था सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 एवं अन्य संगत अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत संस्था होनी चाहिए।

# सट्टे की खाईबाड़ी करते छह गिरफ्तार, 19,500 रुपये व मोबाइल बरामद



मोर्निंग सिटी संवाददाता

**हाथरस।** थाना कोतवाली नगर पुलिस और एंटी थेफ्ट टीम की संयुक्त कार्रवाई में सट्टे की खाईबाड़ी करते हुए छह अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के कब्जे से 19,500 रुपये नकद, पांच मोबाइल फोन, दो कैलकुलेटर, सट्टा पर्ची और पेन बरामद किए गए हैं।

पुलिस के अनुसार 16 जनवरी 2026 को जुआ और सट्टे की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत मुखबिर की सूचना पर यह कार्रवाई की गई। हाथरस किला स्टेशन के पीछे सट्टा खिलाते हुए छह लोगों को पकड़ा गया। गिरफ्तारी और बरामदगी के संबंध में थाना कोतवाली नगर पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्तों में बॉबी ठाकुर निवासी नगला चौबे थाना हाथरस गेट, श्यामसुंदर निवासी गणेश गंज चौराहा खातीखाना, राहुल अग्रवाल निवासी गली नंबर एक भुारपीर, अभय उर्फ मोनू निवासी चक्की बाजार, आसीफ निवासी काशीराम कॉलोनी जलेसर रोड तथा समद निवासी काशीराम कॉलोनी जलेसर रोड थाना कोतवाली नगर शामिल हैं।

इस मामले में थाना कोतवाली नगर पर मु0अ0सं0 22/2026 धारा 3/4 जुआ अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है। कार्रवाई करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक सतेंद्र सिंह राघव थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम सहित तथा प्रभारी एंटी थेफ्ट टीम सुरेंद्र सिंह अपनी टीम के साथ शामिल रहे।

# केंद्र और राज्य कर्मचारी पुरानी पेंशन के लिए एक जुट

### राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद का वार्षिक खिचड़ी भोज सैकड़ों केंद्र और राज्य के पदाधिकारी हुए शामिल

### आठवें वेतन आयोग से आगे की राह और पुरानी पेंशन पर संघर्ष जारी

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कासगंज।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद द्वारा पूर्व वर्ष की परंपरा के अनुरूप कार्यालय अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड लोक निर्माण कविभाग की परिसर में नव वर्ष एवं खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री महिपाल सिंह राजपूत जिला मंत्री सेवा निवृत कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसियेशन के जिला मंत्री ने की। मुख्य अतिथि रेलवे के सेवानिवृत्त अधिकारी जे एन पचैरी एवं विशिष्ट अतिथि नरेन्द्र कुमार क्षेत्रीय संगठन मंत्री लोक निर्माण विभाग, संयुक्त पेंशनर्स कल्याण समिति की संयोजक शांति शर्मा एवं अति विशिष्ट अतिथि ओम प्रकाश वर्मा अध्यक्ष प्राथमिक



शिक्षक संघ उपस्थित रहे। आयोजन में केंद्र और राज्य के सैकड़ों पदाधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के संचालक एवं संयोजक श्री रमेश चंद्र ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली के लिए सभी कर्मचारी संगठनों को एक जुट होकर संघर्ष तेज करना होगा। श्री जे एन पचैरी मुख्य अतिथि ने कहा कि आठवें वेतन आयोग और पुरानी पेंशन से जुड़ी केंद्र सरकार की समितियों में कर्मचारियों का पक्ष मजबूती से रखा जा रहा है। श्री नरेन्द्र सिंह संगठन मंत्री लोक निर्माण विभाग ने कहा कि आठवें वेतन आयोग के गठन के कारण पीछे लम्बा संघर्ष रहा है। कर्मचारियों के निरंतर आंदोलन पत्राचार और वार्ता के दवाब में केंद्र सरकार को आठवें वेतन आयोग का निर्णय लेना पड़ा। पिछले 12 वर्षों से देश भर में हुए आंदोलनों के परिणाम स्वरूप केंद्र सरकार ने समिति गठित कर वार्ता शुरू की एवं नचे यूपीएस मॉडल में 50 प्रतिशत पेंशन और उस पर महंगाई भत्ता देय होने की व्यवस्था की गई है और अंत में अध्यक्षता कर रहे महिपाल सिंह राजपूत ने कहा कि कुछ कमियों पर अभी कार्य की आवश्यकता है। कर्मचारी अधिकार संगठित और एकजुट आंदोलन से ही प्राप्त होते हैं। कर्मचारियों को अपने परंपरागत अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त, आयकर, रेलवे, एआईआर, राज्य कर्मचारी महासंघ, कृषि अधीनस्थ सेवा संघ, वाहनचालक संघ, डिप्लोमा इंजीनियर संघ लोक निर्माण विभाग, सिविल डिप्लोमा इंजीनियर संघ सिंचाई संघ, सिंचाई संघ नलकूप खंड, सिंचाई संघ सिंचाई खंड, कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ, ग्राम पंचायत अधिकारी संघ, ग्राम विकास अधिकारी संघ, राजस्व संग्रह अमीन संघ, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी महासंघ, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ स्वास्थ्य विभाग, डिप्लोमा फार्मासिस्ट संघ, डिप्लोमा इंजीनियर महासंघ, सहित विभिन्न केंद्र और राज्य कर्मचारी संगठनों के नेताओं ने पुरानी पेंशन बहाली के समर्थन में एवम् आठवें वेतन आयोग पर अपने विचार रखे। और आंदोलन को और मजबूत करने का संकल्प लिया।

# अतिक्रमण को लेकर गांधीगंज मंडी में विवाद, समय रहते टला टकराव

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**हाथरस।** सिकंदराराऊ तहसील क्षेत्र की रामलीला ग्राउंड और गांधीगंज मंडी में शनिवार सुबह अतिक्रमण को लेकर दो पक्षों के बीच तीखा विवाद हो गया। सूचना मिलते ही मंडी परिसर में बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए, जिससे कुछ समय के लिए तनाव की स्थिति बन गई। हालांकि स्थानीय लोगों की समझाइश से मामला शांत हो गया और हाथापाई की नौबत नहीं आई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मंडी परिसर में एक पक्ष द्वारा अवैध रूप से अस्थायी फड़ और दुकानें लगा दी जाती हैं, जिससे आवागमन बाधित होता है। स्थायी दुकानदारों को अपनी दुकानों के सामने स्थान नहीं मिल पाता और ग्राहकों को भी भारी असुविधा होती है। इसी कारण मंडी में आए दिन विवाद की स्थिति बनती



रहती है।

बताया गया कि गांधीगंज मंडी में अतिक्रमण की समस्या लंबे समय से बनी हुई है। पूर्व में भी इस मुद्दे पर कई बार दुकानदारों के बीच झगड़े हो चुके हैं, जिनमें मारपीट और पुलिस कार्रवाई तक की नौबत आई थी। प्रशासन द्वारा कई बार अतिक्रमण हटाया गया, लेकिन कुछ ही दिनों में स्थिति फिर पूर्ववत हो जाती है।

शनिवार सुबह भी फड़ लगाने वालों और स्थायी दुकानदारों के बीच इसी मुद्दे पर कहासुनी हुई। स्थानीय लोगों के हस्तक्षेप के बाद स्थिति सामान्य हुई। इसके बाद कोतवाली प्रभारी शिव कुमार शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और रामलीला ग्राउंड व मंडी परिसर को खाली कराते हुए भविष्य में अतिक्रमण न करने की चेतावनी दी।

घटना की जानकारी मिलने पर भाजपा जिला कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता, व्यापारी नेता विपिन वार्ष्णेय, गिरीश मोहन, प्रिंस भामाशाह, राजेश गुड वाले, योगेश, मोनू गुप्ता, रोहित गुप्ता सहित अन्य स्थानीय व्यापारी और नेता मौके पर पहुंचे। उन्होंने अतिक्रमण की समस्या पर चिंता जताते हुए कहा कि यदि इसका स्थायी समाधान शीघ्र नहीं किया गया, तो शहर की शांति व्यवस्था प्रभावित हो सकती है।

## डीआईओएस को गिनाई शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की समस्याएं

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**कासगंज।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ने जनपद के शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की समस्याओं से संबंधित एक ज्ञापन डीआईओएस को सौंपा है। ज्ञापन के माध्यम से डीआईओएस से समस्याओं के समाधान की मांग की है। डीआईओएस को सौंपे गए ज्ञापन में बताया है कि 31 मार्च 2026 को सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षक एवं कर्मचारियों के जीपीएफ के अन्तिम निस्कारन के लिए विद्यालयों को पत्र लिखा जाय, जिससे समय पर जीपीएफ भुगतान हो सके। जनपद में 28 मार्च 2025 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के एनपीएस खाते से ओपीएस खाते में धनराशि स्थानान्तरण के लिए सम्बन्धित विद्यालयों से सूचना प्राप्त की जाय। 1 जनवरी 2016 से 31 दिसम्बर 2016 तक के 30 जून या 31 दिसम्बर तक के सेवानिवृत्त शिक्षक एवं कर्मचारियों को मिलने वाली नोशनल वेतन वृद्धि उनके अन्तिम वेतन निर्धारण के अभाव में मण्डलीय उप शिक्षा निदेशक कार्यालय अलीगढ से नहीं हो पा रही है, शीघ्र ही वेतन निर्धारण कराया जाय। उच्च न्यायालय एवं मण्डलीय उपशिक्षा निदेशक अलीगढ़ के आदेश से जिन शिक्षकों को अनन्तिम पेंशन दी जा रही है, उनकी पेंशन का भुगतान ससमय कराया जाय। दो लाख तक के चयन, प्रोन्नति, प्रथम चिकित्सीय अवकाश के वेतन का एरियर कार्यालय से होना है, इसका जल्द भुगतान कराया जाए।

# ट्रामा सेंटर के पूर्ण संचालन को लेकर सपा नेता डॉ. राकेश सिंह राना ने शुरू किया हस्ताक्षर अभियान

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**हाथरस।** क्षेत्र में लंबे समय से जनहित से जुड़े ट्रामा सेंटर के विधिवत एवं सुचारु संचालन की मांग को लेकर समाजवादी पार्टी के नेता एवं पूर्व एमएलसी डॉ. राकेश सिंह राना ने गांव-गांव बैठकें कर हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ किया। अभियान के पहले दिन ग्राम पोरा में आयोजित बैठक में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया।



ग्रामीणों को संबोधित करते हुए डॉ. राकेश सिंह राना ने कहा कि ट्रामा सेंटर का संचालन क्षेत्र की हजारों जिंदगियों से सीधे तौर पर जुड़ा हुआ है। सड़क दुर्घटनाओं, गंभीर बीमारी अथवा आपात स्थिति में समय पर इलाज न मिल पाने के कारण लोगों को जान गंवानी पड़ती है। यदि सिकंदराराऊ ट्रामा सेंटर में चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित कर इसे पूरी क्षमता के साथ संचालित किया जाए, तो यह गरीब, किसान, मजदूर और आम नागरिकों के लिए जीवनरक्षक साबित हो सकता है। उन्होंने कहा कि ट्रामा सेंटर केवल एक भवन नहीं, बल्कि जनता की सुरक्षा और विश्वास का केंद्र है। उन्होंने ग्रामवासियों से हस्ताक्षर अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील करते हुए कहा कि यह लड़ाई किसी व्यक्ति या दल की नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के अधिकार और भविष्य की है। जनता की एकजुट आवाज ही प्रशासन को जनहित में ठोस निर्णय लेने के लिए मजबूर कर सकती है।

ग्राम पोरा के नागरिकों ने भी अभियान को समर्थन देते हुए बड़ी संख्या में हस्ताक्षर किए और ट्रामा सेंटर के शीघ्र व पूर्ण संचालन की मांग को अपना नैतिक दायित्व बताया। ग्रामीणों ने आशा व्यक्त की कि यह अभियान पूरे सिकंदराराऊ क्षेत्र में जनआंदोलन का रूप लेगा।

बताया गया कि हस्ताक्षर अभियान आगामी दिनों में अन्य गांवों और कस्बों में भी चलाया जाएगा, ताकि जनता की आवाज मजबूती के साथ शासन-प्रशासन तक पहुंचाई जा सके। इस मौके पर सुनील यादव, इंद्रपाल यादव, संतोष चौहान, बीरेश सिसोदिया, दिनेश सिसोदिया, चेतर यादव, शेर सिंह सिसोदिया, संजय शर्मा, तेज सिंह कुशवाहा, दलवीर यादव, शमी अख्तर कुरैशी, रिंकू यादव, वीरपाल यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## मतदाता जागरूकता अभियान के तहत एसडीएम ने छात्राओं को किया मतदान के प्रति प्रेरित



मोर्निंग सिटी संवाददाता

**हाथरस।** उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के आदेशानुसार प्रत्येक जिले की तहसीलों में स्कूल और कॉलेजों में 18 वर्ष आयु पूर्ण कर चुके युवाओं को मतदान के प्रति जागरूक किए जाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि वे अपने मत का सही और स्वतंत्र निर्णय से उपयोग कर सकें।

इसी क्रम में शनिवार को उपजिलाधिकारी संजय कुमार नगर पालिका कीड़ा स्थल, जीटी रोड स्थित सीपीएस गर्ल्स इंटर कॉलेज पहुंचे, जहां उन्होंने दर्जनों छात्राओं को मतदान के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं से कहा कि जिनकी आयु 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है और जिनका नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, वे संबंधित बीएलओ से संपर्क कर अपना नाम जुड़वाएं। साथ ही अपने मताधिकार का प्रयोग सोच-समझकर और जिम्मेदारी के साथ करने की अपील की।

कार्यक्रम में बीए की छात्रा सुमायरा ने बताया कि उपजिलाधिकारी द्वारा दी गई जानकारी अत्यंत महत्वपूर्ण थी। उन्होंने कहा कि अब वे अपने मत का उपयोग पूरी सूझबूझ और समझदारी के साथ करेंगी।

इस अवसर पर कॉलेज की छात्राओं ने मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के इस प्रयास की सराहना की।

# भाजपा- शिवसेना गठबंधन की जीत पर हाथरस में मिष्ठान वितरण

मोर्निंग सिटी संवाददाता

हाथरस। महाराष्ट्र के नगर निगम चुनाव में भाजपाझ्शिवसेना गठबंधन की प्रचंड जीत पर नगर पालिका परिषद हाथरस के पूर्व अध्यक्ष पंडित आशीष शर्मा ने अलीगढ़ रोड स्थित अपने कैंप कार्यालय पर मिष्ठान वितरण कर खुशी मनाई।

इस अवसर पर आशीष शर्मा ने कहा कि महाराष्ट्र में नगर निगम चुनावों में मिली विजय यह संकेत देती है कि देश की जनता का भरोसा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार की विकासोन्मुख नीतियों पर बना हुआ है। उन्होंने कहा कि यह जनादेश प्रदेश सरकार द्वारा किए गए चहुंमुखी विकास और जनकल्याणकारी कार्यों पर जनता के विश्वास को दर्शाता है।



उन्होंने इस सफलता पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र तथा एनडीए के कार्यकताओं को बधाई दी।

मिष्ठान वितरण कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री हरिशंकर राणा भूरा पहलवान, विशाल दीक्षित, सुशील गौड़, विमल प्रधान, जितेंद्र शर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कुलपति नरेन्द्र बहादुर के एक वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर दी शुभकामनाएं

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कासगंज।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर नरेंद्र बहादुर सिंह का 1 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के नवागंतुक कुल सचिव प्रबुद्ध सिंह एवं परीक्षा नियंत्रक धीरेंद्र कुमार वर्मा का भी अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ पर माननीय कुलपति महोदय, कुल सचिव महोदय एवं परीक्षा नियंत्रक का फूल माला पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया

। महासंघ के अध्यक्ष डॉ एच एन सिंह एवं डॉ पवन दुबे संगठन महामंत्री के.ए.पीजी कॉलेज कासगंज ने स्वागत करते हुए कहा कि हमारे संगठन ने देश में शिक्षा के क्षेत्र में दिशा देने वाली एक ऐतिहासिक पहल के अंतर्गत हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम आयोजित करने का अभियान चलाया हुआ है। उन्होंने कहा कि राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों एवं भारतीय दर्शन के आधार पर शिक्षा देने का जो सराहनीय प्रयास कर रहा है। वह अत्यंत प्रशंसनीय है। विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रोफेसर नरेंद्र बहादुर सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा सामाजिक परिवर्तन का एक सशक्त माध्यम है और शिक्षकों को अपने दायित्व का निर्वाहन कर इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सार्थक प्रयास करने चाहिए। उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालय आने वाले समय में शिक्षा क्षेत्र का एक



ऐसा शिक्षा के मंदिर के रूप में स्थापित हो जिसमें समाज के हर वर्ग के विद्यार्थी तकनीकी, स्वास्थ्य एवं शोध क्षेत्र की उच्च स्तरीय सुविधाओं से लाभान्वित हो सके। हमारा प्रयास है कि विश्वविद्यालय अगले वर्षों में देश के अन्य बड़े शिक्षा संस्थानों से सहयोग लेकर विश्वविद्यालय में उच्च स्तरीय शैक्षिक वातावरण को सशक्त बनाने में सक्षम हो जाए। कार्यक्रम में डॉ एच एन सिंह, डॉ पवन दुबे, डॉ सपना सिंह, डॉ प्रदीप गुप्ता, डॉ मुकेश कुमार, डॉ शैलेंद्र कुमार, डॉ प्रियंका दिक्षित, डॉ नीलम पांडे, डॉ बीना अग्रवाल, डॉ उमेश कुमार, डॉ नरेंद्र यादव, डा बबलू सिंह, डॉ योगेंद्र पाल प्रतिहार, डॉ डी के गुप्ता ने माननीय कुलपति महोदय,कुलसचिव महोदय एवं परीक्षा नियंत्रक जी का अभिनंदन किया। कार्यक्रम का संचालन डा राकेश सक्सैना ने किया।

# एक किलो 290 ग्राम गांजा के साथ महिला गिरफ्तार

## थाना राजपुर पुलिस ने की कार्रवाई, एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**कानपुर देहात।** अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना राजपुर पुलिस ने शुक्रवार को एक महिला को गांजा के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने अभियुक्ता के कब्जे से एक किलो 290 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 50 हजार रुपये बताई जा रही है।

पुलिस के अनुसार 17 जनवरी को कस्बा राजपुर स्थित भाल पुलिया के पास संदिग्ध व्यक्ति व वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि बैना वाली गली क्षेत्र में एक महिला अवैध गांजा बेच रही है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर महिला को हिरासत में लिया और तलाशी ली। तलाशी के दौरान महिला के पास से एक स्टील के डब्बे में पॉलिथीन में रखा 1.290 किलो गांजा तथा एक डिजिटल तराजू बरामद हुआ। पूछताछ में महिला ने अपना नाम सोमवती पत्नी सुदामा, निवासी बैना वाली गली कस्बा व थाना राजपुर बताया। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर थाना राजपुर में मुकदमा संख्या 05/2026 धारा 18/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर अभियुक्ता को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में अभियुक्ता ने बताया कि घर में कोई कमाने वाला नहीं है और वह खर्च चलाने के लिए गांजा बेचती थी। पुलिस ने अभियुक्ता को नियमानुसार न्यायालय में पेश किया है। अधिकारियों ने बताया कि मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# पीएनबीएफटीसी सैफई में सुगंधित फसलों पर प्रशिक्षण

मोर्निंग सिटी संवाददाता




**इटावा।** पंजाब नेशनल कृषक प्रशिक्षण केंद्र (पीएनबीएफटीसी) सैफई में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक, औषधीय एवं सुगंधित फसलों की खेती तथा बैंकिंग योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पीएनबीएफटीसी के निदेशक विपिन कुमार यादव ने की।

मुख्य अतिथि सुगंध एवं स्वाद विकास केंद्र (एफएफडीसी), कन्नौज के सहायक निदेशक ए.पी. सिंह ने पुष्प खेती, सिट्रोनेला, मेंथा, खस सहित अन्य सुगंधित एवं औषधीय फसलों की उन्नत खेती पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इन फसलों की बाजार में लगातार मांग बढ़ रही है और कम लागत में बेहतर मुनाफा लिया जा सकता है। उन्होंने गुणवत्तायुक्त पौध सामग्री, समय पर रोपाई और वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाने पर जोर दिया। वैज्ञानिक अधिकारी कमलेश कुमार ने भी किसानों को तकनीकी जानकारी दी।

विशिष्ट अतिथि समाजसेवी प्रेम कुमार शाक्य ने कहा कि परंपरागत खेती के साथ तकनीकी प्रशिक्षण आज की आवश्यकता है। युवाओं को आधुनिक कृषि एवं स्वरोजगार से जुड़ी गतिविधियों को अपनाना चाहिए, जिससे आत्मनिर्भरता बढ़ेगी। पीएनबीएफटीसी के निदेशक विपिन कुमार यादव ने किसानों को बचत खाता, फसल बीमा, जीवन एवं दुर्घटना बीमा, गोल्ड लोन और कृषि ऋण जैसी बैंकिंग योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं के माध्यम से किसान जोखिम कम कर अपनी आय बढ़ा सकते हैं।

कार्यक्रम का संचालन कृषि विशेषज्ञ राजेश कुमार गुप्ता ने किया। इस दौरान रवि यादव सहित अन्य सहयोगियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया।

# तहसील भोगनीपुर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

मोर्निंग सिटी संवाददाता




**कानपुर देहात।** तहसील भोगनीपुर में शुक्रवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी कपिल सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्रद्धा नरेन्द्र पाण्डेय ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के निष्पक्ष एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जाकर उनका शत-प्रतिशत समाधान सुनिश्चित किया जाए। विशेष रूप से भूमि संबंधी मामलों में राजस्व और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए, ताकि फरियादियों को अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें और मामलों का त्वरित व न्यायपूर्ण निस्तारण हो सके। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ने तहसील मैथा में तथा समस्त क्षेत्राधिकारियों ने अपने-अपने सर्किल की तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन कर जनसमस्याओं की सुनवाई की।

# पूर्व राष्ट्रपति के दौरे को लेकर हेलीपैड का निरीक्षण

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**कानपुर देहात।** पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के प्रस्तावित दौरे को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इसी क्रम में शुक्रवार को जिलाधिकारी कपिल सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्रद्धा नरेन्द्र पाण्डेय ने थाना भोगनीपुर क्षेत्र के पुखरांया स्थित हेलीपैड का निरीक्षण कर तैयारियों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने वीआईपी सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, हेलीपैड की सुरक्षा, फ्लीट प्रबंधन सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत किया जाए तथा कार्यक्रम के दौरान किसी भी प्रकार की चूक न हो। उन्होंने कहा कि सुरक्षा के साथ-साथ आमजन की सुविधा का भी पूरा ध्यान रखा जाए। पुलिस अधीक्षक श्रद्धा नरेन्द्र पाण्डेय ने सुरक्षा बलों की तैनाती, संचार व्यवस्था, तकनीकी संसाधनों के उपयोग और एंटी-सैबोटेज गतिविधियों पर विशेष जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को पूर्ण सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने पर भी बल दिया। जिला एवं पुलिस प्रशासन की ओर से यह भरोसा दिलाया गया कि पूर्व राष्ट्रपति के दौरे को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं और कार्यक्रम पूरी तरह सुरक्षित व सुचारू रूप से संपन्न कराया जाएगा।

# ब्लैक आउट मॉक ड्रिल को लेकर प्रशासन ने की तैयारी

## 23 जनवरी को अकबरपुर में होगा अभ्यास, अधिकारियों को दिए गए निर्देश

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**कानपुर देहात।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर 23 जनवरी को प्रस्तावित ब्लैक आउट मॉक ड्रिल के सफल आयोजन को लेकर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित कुमार ने की, जबकि जिलाधिकारी कपिल सिंह के निर्देशन में सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

बैठक में नागरिक सुरक्षा, पुलिस, अग्निशमन, स्वास्थ्य, आपदा प्रबंधन, विद्युत विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारियों ने मॉक ड्रिल की कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की। अपर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए अपनी तैयारियां समय से पूरी कर लें। अधिकारियों ने बताया कि मॉक ड्रिल का उद्देश्य किसी भी आपात स्थिति, विशेषकर हवाई हमले जैसी परिस्थितियों में जनसामान्य की सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा विभागीय तैयारियों का व्यावहारिक परीक्षण करना है। निर्णय लिया गया कि 23 जनवरी को सायं छह बजे अकबरपुर महाविद्यालय परिसर में मॉक ड्रिल की शुरूआत की जाएगी। इस दौरान सायरन बजाकर हवाई हमले की चेतावनी दी जाएगी, चिन्हित क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बंद कर ब्लैक आउट किया जाएगा तथा नागरिकों को सुरक्षित स्थानों पर जाने का अभ्यास कराया जाएगा। मॉक ड्रिल के दौरान नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों द्वारा अग्निशमन उपकरणों का प्रयोग, प्राथमिक उपचार, घायलों को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने, क्षतिग्रस्त भवनों में फंसे लोगों को बाहर निकालने तथा एंबुलेंस के माध्यम से अस्पताल भेजने की कार्यवाही का भी अभ्यास किया जाएगा।

खतरा समाप्त होने पर ऑल क्लियर सायरन बजाकर मॉक ड्रिल के समापन की घोषणा की जाएगी। अपर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि मॉक ड्रिल से पूर्व जनसामान्य को जागरूक किया जाए, आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा अभ्यास को शांतिपूर्ण, अनुशासित और प्रभावी ढंग से संपन्न कराया जाए। बैठक में उप जिलाधिकारी अकबरपुर नीलिमा यादव सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# संपूर्ण समाधान दिवस में राज्यमंत्री ने सुनीं जनसमस्याएं

## समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिए निर्देश

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**कानपुर देहात।** तहसील मैथा में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में माननीय राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने आमजन की समस्याएं सुनीं। इस दौरान तहसील स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। समाधान दिवस में बड़ी संख्या में फरियादी पहुंचे और अपनी समस्याएं प्रार्थना पत्रों के माध्यम से प्रस्तुत कीं।

राज्यमंत्री ने सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक प्रार्थना पत्र का निस्तारण निर्धारित समय-सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए और निस्तारण की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए। राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा है कि प्रत्येक नागरिक की समस्या का समाधान संवेदनशीलता, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनसमस्याओं के निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही या उदासीनता स्वीकार नहीं की जाएगी।

उन्होंने विशेष रूप से लेखपाल और ग्राम पंचायत सचिव स्तर पर उत्पन्न होने वाली समस्याओं का उल्लेख करते हुए निर्देश दिए कि छोटी-छोटी समस्याओं का समाधान गांव स्तर पर ही किया जाए, जिससे ग्रामीणों को तहसील और ब्लॉक कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़ें।

इससे आमजन को राहत मिलेगी और प्रशासन के प्रति विश्वास और मजबूत होगा। राज्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार सुगम, त्वरित और जवाबदेह प्रशासन उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास कर रही है और संपूर्ण समाधान दिवस इसी दिशा में एक प्रभावी माध्यम है।

# व्यापारियों को जीएसटी 2.0 सुधारों की दी गई जानकारी

मोर्निंग सिटी संवाददाता




**कानपुर देहात।** व्यापारिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने, पंजीयन बेस के विस्तार, राजस्व वृद्धि और जीएसटी 2.0 सुधारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शुक्रवार को अकबरपुर तहसील सभागार में व्यापारी संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन शासन के निर्देश पर माननीय मुख्यमंत्री की प्रेरणा से किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी कपिल सिंह ने की। इस दौरान अपर जिलाधिकारी दुष्यंत कुमार मौर्य, राज्य कर विभाग के संयुक्त आयुक्त देवेंद्र सिंह, उपायुक्त अच्छे लाल सिंह व अमित अग्रवाल, सहायक आयुक्त श्याम रीत, राज्य कर अधिकारी विवेक विश्नोई, गरिमा सिंह, धीरेन्द्र उत्तम, राजीव तिवारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जनपद के व्यापारी, उद्यमी एवं विभिन्न व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारी बड़ी संख्या में शामिल हुए।संवाद कार्यक्रम में व्यापारियों को जीएसटी पंजीयन प्रक्रिया, पंजीयन से होने वाले व्यावसायिक एवं विधिक लाभ, रिटर्न फाइलिंग की सरल प्रक्रिया, जीएसटी 2.0 के अंतर्गत किए गए सुधार, समाधान योजना, टीडीएस-टीसीएस से संबंधित रिटर्न तथा व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना की जानकारी दी गई। साथ ही जनपद के लाभान्वित व्यापारियों के अनुभव साझा कर योजनाओं के व्यावहारिक लाभ बताए गए। जिलाधिकारी कपिल सिंह ने व्यापारियों से जीएसटी सुधारों और विभागीय प्रक्रियाओं को और अधिक सरल बनाने के लिए सुझाव आमंत्रित किए। उन्होंने कहा कि शासन का उद्देश्य व्यापारियों से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करना तथा कर प्रणाली को पारदर्शी और सुगम बनाना है। अधिकारियों ने बताया कि इसी तरह का एक और व्यापारी संवाद कार्यक्रम 28 जनवरी 2026 को आयोजित किया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक व्यापारी लाभान्वित हो सकें। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ और व्यापारियों ने इस पहल की सराहना की।

# प्रसव पूर्व लिंग जांच कराना गैरकानूनी : अश्वनी त्रिपाठी

## विधिक जागरूकता शिविर में महिलाओं को दी गई कानूनी जानकारी




मोर्निंग सिटी संवाददाता

**अहेरीपुर (इटावा)।** प्रसव पूर्व लिंग की जांच कराना और कराना कानूनन अपराध है। ऐसा करने पर दोषी अस्पताल व चिकित्सक को कठोर दंड का सामना करना पड़ सकता है। यह जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्राविधिक स्वयंसेवक/अधिकार मित्र अश्वनी त्रिपाठी ने ग्राम ईकरी में आयोजित विधिक जागरूकता शिविर के दौरान महिलाओं को संबोधित करते हुए दी।

यह कार्यक्रम राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायमूर्ति सूर्यकांत के निर्देश पर तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष, जनपद न्यायाधीश रजत सिंह जैन एवं सचिव अपर जिला जज रूपेंद्र सिंह टोंगर के संयोजन में जनपद स्तर पर चलाए जा रहे विधिक जागरूकता अभियानों के तहत आयोजित किया गया। अश्वनी त्रिपाठी ने बताया कि यदि कोई अस्पताल या चिकित्सक प्रसव पूर्व लिंग जांच करता पाया जाता है तो उसे दस वर्ष तक का कठोर कारावास, पचास हजार रुपये तक का जुमार्ना तथा अस्पताल का लाइसेंस निरस्त किए जाने का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि लिंग के आधार पर किसी भी महिला के साथ भेदभाव नहीं किया जा सकता और महिलाओं को पुरुषों के समान अधिकार प्राप्त हैं। शिविर में महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों, सामाजिक समानता और भ्रूण हत्या से संबंधित कानूनों की जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर सुमन, साक्षी, राखी, रामादेवी, रचना, बिमला, रानी, जूली, प्रिया सहित ब्रह्मानंद, अमरचंद, शिवम त्रिपाठी, परशुराम दोहरे समेत दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति 5.0 के तहत महिला सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान

मोर्निंग सिटी संवाददाता




**कानपुर देहात।** महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से शुक्रवार को जनपद में मिशन शक्ति 5.0 के तहत व्यापक अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्रद्धा नरेन्द्र पाण्डेय के निर्देशन में जनपद के सभी थानों की पुलिस ने ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए।

अभियान के दौरान सैकड़ों महिलाओं और बालिकाओं को महिला सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन एवं साइबर सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। पुलिस कर्मियों ने महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति सजग करते हुए अपराधों से बचाव के उपाय बताए और सरकारी सुरक्षा योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में 181 महिला हेल्पलाइन, 1090 महिला शक्ति लाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 112 इमरजेंसी नंबर एवं 1076 पुलिस कंट्रोल रूम की जानकारी दी गई। साथ ही यूपी कॉप (वढउडढ) ऐप के माध्यम से पुलिस सेवाओं का लाभ लेने और सोशल मीडिया पर होने वाले साइबर अपराधों जैसे फिशिंग, साइबर स्टॉकिंग और फर्जी खातों से धोखाधड़ी से बचाव के उपाय बताए गए। पुलिस ने महिलाओं को पॉक्सो एक्ट, दहेज निषेध अधिनियम, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम तथा सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के अंतर्गत साइबर अपराधों से संबंधित कानूनों की भी जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि सशक्त नारी, समृद्ध प्रदेश की भावना के अनुरूप कानपुर देहात पुलिस महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए लगातार प्रयासरत है। जनपदवासियों से अपील की गई कि किसी भी प्रकार की असुरक्षा या अपराध की स्थिति में तत्काल नजदीकी थाने या हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क करें।

# दुष्कर्म के दोषी को 10 वर्ष का सश्रम कारावास

मोर्निंग सिटी संवाददाता


!! KANPUR DEHAT POLICE !!

थाना भोगनीपुर — दिनांक- 17.01.2026

#ऑपरेशन कन्विक्शन

घटना का विवरण-

पुलिस की त्वरित कार्यवाही-

न्यायालय द्वारा दिया गया निर्णय-

**कानपुर देहात।** थाना भोगनीपुर क्षेत्र में नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में माननीय न्यायालय ने अभियुक्त को दस वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। यह कार्रवाई ऑपरेशन कन्विक्शन एवं मिशन शक्ति-5 अभियान के अंतर्गत की गई।

प्रकरण के अनुसार 26 नवंबर 2020 को अभियुक्त रोहित उर्फ चिलबिला पुत्र शैलेन्द्र सिंह निवासी ग्राम परेहरापुर थाना भोगनीपुर ने वादिनी की पुत्री को खेतों में दबोचकर चाकू दिखाकर जबरन दुष्कर्म किया था। वादिनी के ललकारने पर अभियुक्त चाकू दिखाकर धमकाते हुए मौके से फरार हो गया था। इस संबंध में थाना भोगनीपुर पर मुकदमा संख्या 571/2020 धारा 376, 506 भादंवि एवं 3/4 पॉक्सो एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया था। पुलिस द्वारा मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित व गुणवत्तापूर्ण विवेचना की गई। विवेचक ने साक्ष्य संकलन कर 10 फरवरी 2021 को आरोप पत्र माननीय न्यायालय में प्रेषित किया। थाना पुलिस, कोर्ट पैरोकार, अभियोजन एवं मॉनिटरिंग सेल की प्रभावी पैरवी के चलते गवाहों के सशक्त बयानों के आधार पर अभियुक्त का अपराध सिद्ध हुआ। माननीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/एफटीसी-प्रथम, कानपुर देहात ने शुक्रवार को अभियुक्त रोहित उर्फ चिलबिला को दोषी ठहराते हुए 10 वर्ष के सश्रम कारावास तथा 10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड अदा न करने की स्थिति में अभियुक्त को 10 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ऑपरेशन कन्विक्शन के माध्यम से पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाने और महिला अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है।

# मामूली विवाद में दबंगों ने दलित परिवार पर बोला हमला, एक की मौत इलाज के दौरान 50 वर्षीय व्यक्ति ने तोड़ा दम, पत्नी घायल , गांव में तनाव, भारी पुलिस बल तैनात

मोर्निंग सिटी संवाददाता






**कानपुर देहात।** शिवली कोतवाली क्षेत्र के मलिकपुर गांव में सोमवार को मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि दबंगों ने दलित परिवार पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मारपीट में गंभीर रूप से घायल 50 वर्षीय देवकी नंदन की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी भी घायल हो गईं। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है। परिजनों के अनुसार सोमवार को किसी बात को लेकर विवाद हुआ था, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। आरोप है कि दबंगों ने देवकी नंदन और उनकी पत्नी को घेरकर पीटा। हमले में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हालत नाजुक होने पर परिजन उन्हें पहले स्थानीय अस्पताल ले गए, जहां से चिकित्सकों ने कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर कर दिया। इलाज के दौरान मंगलवार को देवकी नंदन की मौत हो गई।

घटना की जानकारी मिलते ही मृतक की बेटी ने शिवली कोतवाली पहुंचकर नामजद तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दलित व्यक्ति की मौत के बाद गांव में आक्रोश फैल गया और हालात तनावपूर्ण हो गए। स्थिति को देखते हुए गांव में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचकर स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधिकारियों ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। फिलहाल गांव में स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है, लेकिन पुलिस सतर्कता बरत रही है।

# सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे का आरोप

## प्रधान ने प्रशासन से की सख्त कार्रवाई की मांग

मॉर्निंग सिटी संवाददाता



**किशनी/मैनपुरी।** तहसील किशनी क्षेत्र में दबंगो द्वारा सरकारी बेशकीमती जमीन पर अवैध कब्जे का गंभीर मामला सामने आया है। ग्राम पंचायत महोली शमशेरगंज के वर्तमान ग्राम प्रधान बलराज यादव ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी गोपाल शर्मा को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि कुछ दबंग लोग प्रशासनिक मिलीभगत के सहारे ग्राम पंचायत की जमीन पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं।

प्रार्थना पत्र के अनुसार, ग्राम पंचायत महोली शमशेरगंज में खसरा संख्या 4256 (मि०) कुल रकबा लगभग 20 बीघा 15 बिसा दर्ज है। जिसमें से 5 बीघा 15 बिसा भूमि ग्राम पंचायत की ऊसर भूमि के रूप में दर्ज है। आरोप है कि उक्त भूमि में बिना विधिवत पैमाइश कराए ही सूरज सिंह और कश्मीर सिंह द्वारा अवैध कब्जा किया जा रहा है। प्रधान बलराज यादव का कहना है कि पहले केशवानंद महाराज द्वारा लगभग तीन बीघा से अधिक भूमि राष्ट्रपति के नाम दर्ज कराई गई थी, इसके बाद शेष भूमि विभिन्न व्यक्तियों के नाम दर्ज है, लेकिन वर्तमान में सरकारी भूमि को एक स्थान पर चिन्हित कर दबंगों द्वारा कब्जा करने की साजिश रची जा रही है।

इतना ही नहीं, ग्रामीणों में यह चर्चा भी है कि इस पूरे मामले में प्रशासन का सहयोग भी मिल रहा है, जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।ग्राम प्रधान ने प्रशासन से मांग की है कि खसरा संख्या 4256 (मि०) की निष्पक्ष और सही तरीके से पैमाइश कराई जाए तथा सरकारी भूमि पर हो रहे अवैध कब्जे को तत्काल रोका जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो मामला बड़ा जनआंदोलन भी बन सकता है। फिलहाल ग्रामीण जमीन पर किए जा रहे अवैध कब्जे के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर रहे हैं। जिसमें साफ-साफ देखा जा सकता है कि मिल जुमला नंबर में बिना चिन्नांकन के एक साइड पर वेश कीमती जमीन पर कब्जा किया जा रहा है। फिलहाल, शिकायत दर्ज होने के बाद प्रशासन की भूमिका पर सभी की नजरें टिकी हैं। अब देखना यह होगा कि सरकारी जमीन को भू-माफियाओं से बचाने के लिए प्रशासन कितनी तत्परता और सख्ती दिखाता और सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त कराता है।

# चौराहों, सेंट्रल वर्ज पर भी दिखेगा पुष्प प्रदर्शनी का थीम फ्लावर कैलेंडुला



मॉर्निंग सिटी संवाददाता

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडावासियों को जल्द ही चौराहों, ग्रीन बेल्ट और सड़कों के सेंट्रल वर्ज पर भी कैलेंडुला पुष्प खिले दिखेंगे। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से इस बार की पुष्प प्रदर्शनी का थीम फ्लावर कैलेंडुला है। इसीलिए सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर उद्यान विभाग थीम फ्लावर को ग्रेटर नोएडा के प्रमुख मार्गों और गोलचक्करों पर लगवाने जा रहा है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के प्रधान महाप्रबंधक संदीप चंद्रा ने शुक्रवार को ग्रीन बेल्ट, सेंट्रल वर्ज और गोलचक्करों को एडॉप्शन पर लेने वाली एजेंसियों के साथ बैठक की। प्रधान महाप्रबंधक ने इन एजेंसियों के प्रतिनिधियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि एडॉप्शन वाले गोलचक्करों, ग्रीन बेल्ट और सेंट्रल वर्ज पर कैलेंडुला के पौधे लगाएं, ताकि अगले माह 26, 27 28 फरवरी और 01 मार्च को सिटी पार्क में प्रस्तावित पुष्प प्रदर्षनी से पहले उनमें पुष्प भी आ सके। इसके लिए 5 दिन का समय दिया गया है।

उद्यान विभाग की टीम इसकी नियमित निगरानी भी करेगी। लापरवाही करने पर उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई भी करने की चेतावनी दी गई है। संदीप चंद्रा ने बताया कि ग्रेटर नोएडा में 40 गोलचक्कर, 45 ग्रीन बेल्ट और 17 सेंट्रल वर्ज एडॉप्शन पर दिए गए हैं। इनको अडॉप्ट करने वाली एजेंसियों को कैलेंडुला पौधे समयावधि में लगाने के निर्देश दिए गए हैं। इस बैठक में उप महाप्रबंधक एसके जैन, वरिष्ठ प्रबंधक रामकुमार व अजित भाई पटेल आदि मौजूद रहे।

# आदिनाथ भगवान का निर्वाण कल्याणक महोत्सव मनाया

मॉर्निंग सिटी संवाददाता



**मैनपुरी।** शहर के करहल रोड स्थित श्री आदिनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर पर प्रातः वेला में आदिनाथ भगवान का अभिषेक इंद्र के स्वरूप में पंडित अनंत कुमार जैन, राहुल जैन, विशाल जैन जॉली, अमित जैन ,तरुण जैन, सौरभ जैन बॉबी, शंशांक जैन, रमेश जैन आदि ने किया तथा सुव्रतनाथ जैन मोदी के सानिध्य में शिवांक जैन द्वारा शांति धारा की गई। तत्पश्चात पूजा अर्चना के मध्य निर्वाण कांड पढ़कर श्रीजी का निर्वाण लाडू चढ़ाकर भगवान आदिनाथ निर्वाण कल्याणक महोत्सव उल्हास के साथ मनाया गया। तथा

महामंत्री विशाल जैन जौली ने बताया कि प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ (ऋषभदेव) के जीवन के महत्वपूर्ण क्षणों (जन्म, तप, ज्ञानोदय, निर्वाण) का स्मरण कराता है, जो मानव सभ्यता के संस्थापक हैं, जिन्होंने कृषि, लेखन, गणित, कला और समाज व्यवस्था के नियम सिखाए; यह महोत्सव सत्य, अहिंसा और त्याग के संदेशों को जीवन में उतारने, धर्म-संस्कृति से जुड़ने और आत्मिक शुद्धि के लिए स्वाध्याय, तपस्या करने का अवसर देता है, जिससे समाज में एकता और धार्मिक भावना बढ़ती है।

सायंकल में पंडित कमल कुमार जैन के सान्निध्य में मूलनायक बेदी के समक्ष भक्तिमय आरती कर संगीतमय 48 दीपको द्वारा भक्तमर स्त्रोत दीपाराधना कर विश्व शांति की मंगल कामना की गयी। इस धार्मिक आयोजन में आदित्य जैन, अक्षय जैन, शैलेश मोदी, सुशील पारले, मयंक जैन, मनोज उपवन, पंकज जैन, संतोष जैन, शालिनी जैन, रेखा जैन, निशंका जैन, शोभा जैन, साधना जैन, जलज जैन, मंजू जैन, मीना जैन, प्रीति जैन आदि भक्त जन भक्ति भाव पूर्वक सम्मिलित हुए।

# कड़ाके की सर्दी में जिरौली के प्रधान ने गरीबों को बांटे कंबल

मॉर्निंग सिटी संवाददाता



**बिछवां/मैनपुरी।** जनवरी माह में सर्दी अपना पूरा कहर दिखाने लगी है। सर्दी के सितम से लोग परेशान होने लगे हैं। किसी भी गांव में कोई भी व्यक्ति सर्दी से परेशान ना हो। जिसके चलते बिछवां क्षेत्र के गांव जिरौली में ग्राम प्रधान मनोज चौहान ने गरीबों को कम्बल वितरित किये है। कम्बल पाकर गरीबों के चेहरे खिल गये।

विकास खण्ड सुल्तानगंज की ग्राम पंचायत जैली जिरौली के ग्राम प्रधान मनोज चौहान और पूर्व ब्लाक प्रमुख राजीव चौहान ने सर्दी से बचने के लिये ग्राम पंचायत के बुजुर्गों और असहायों से मुलाकात की। ग्राम प्रधान मनोज चौहान ने कहा कि कोई भी व्यक्ति सर्दी से परेशान नहीं होगा यह हमारी जिम्मेदारी है। पूर्व ब्लाक प्रमुख राजीव चौहान ने कहा है कि वृद्धजनों को कंबल मिलते ही उनके चेहरों पर खुशी की लहर देखी गई। ग्राम प्रधान के इस सराहनीय कार्य की लोग प्रंशसा कर रहे है।

# निजी मकान को नामजद बता रहे अपना मकान

मॉर्निंग सिटी संवाददाता

**किशनी/मैनपुरी।** सीमा देवी पत्नी शेर सिंह निवासी गांव नगला जंगी, अरसारा ने पुलिस को बताया कि उनका मकान पुराना है जोकि 1960 का बना हुआ है। जब उन्होंने अपने पुराने मकान में निर्माण कार्य शुरू किया तो गांव अनूपपुर के कुछ नामजदों ने आकर मकान का निर्माण कार्य रुकवा दिया और बताया कि वह मकान उनका है। पीड़िता का कहना है कि आरोपी उनके आवास पर आकर गालीगलौज करते हैं और उनके साथ छेड़छाड़ कर झूठे आरोपों में फंसाने की धमकी देते हैं।

# सौ से ज्यादा वाहन चोरी करने वाले दो शातिर चोर गिरफ्तार

मॉर्निंग सिटी संवाददाता



**नोएडा।** एक अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए थाना सेक्टर-58 पुलिस ने दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है।शातिर चोरों की पहचान दिल्ली निवासी अनुराग और नोएडा निवासी देवदत्त शर्मा के रुप में हुयी है।इसके कब्जे से चोरी की 15 दोपहिया वाहन बरामद हुये है।बता दे कि ये दोनों शातिर बदमाश रेकी करने के लिए भीड़भाड़ वाले बाजार, कंपनियों पार्किंग से नोएडा, दिल्ली एनसीआर क्षेत्र से दोपहिया वाहन चोरी करते हैं।चोरी के वाहन को ऐसी जगह छुपाते हैं जहां पर लोगों का आना-जाना न हो।ये लोग समय-समय पर जगह बदलते रहते हैं।ये दिल्ली एनसीआर में सौ से ज्यादा दोपहिया वाहनों की चोरी की वारदात को अंजाम दे चुके है।

डीसीपी नोएडा यमुना प्रसाद ने बताया कि थाना सेक्टर-58 पुलिस ने लोकल इंटेलीजेन्स की सहायता से दो पहिया वाहन चोरी करने वाले दो शातिर अन्तर्राज्यीय वाहन अनुराग तथा देवदत्त शर्मा को एनआईबी चौकी बॉर्डर खोडा रोड़ से गिरफ्तार किया है।अभियुक्तगण शातिर किस्म के वाहन चोर है। ये रेकी करके भीड़भाड़ वाली मार्केट व कंपनियों की पार्किंग से नोएडा, दिल्ली एनसीआर क्षेत्र से दोपहिया वाहन चोरी करते है और चोरी के वाहनों को ऐसी जगह छुपाते हैं जहां पर लोगों का आना-जाना न हो।

इसके अलावा बदमाश समय-समय पर जगह बदलकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देते हैं। इनके द्वारा अब तक नोएडा, एनसीआर क्षेत्र में 100 से अधिक वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया गया है। एसीपी स्वतंत्र सिंह ने बताया कि पूछताछ के दौरान बदमाशों द्वारा बताया गया कि इनसे बरामद एक मोटरसाइकिल को इन दोनों ने मिलकर माह नवंबर में आम्रपाली सिलिकोन सिटी सेक्टर-76 नोएडा से चोरी किया था। जिसके संबंध में थाना सेक्टर-113 नोएडा पर मुकदमा पंजीकृत है।

इसी तरह कई अन्य बाइक दिल्ली व अन्य जगहों से चोरी की गई है।अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी है, जो पूर्व में भी कई आपराधिक मामले में जेल जा चुके हैं।

# बिछवां में घरेलू गैस सिलेंडर से की जाती गैस रिफिलिंग

मॉर्निंग सिटी संवाददाता



**बिछवां/मैनपुरी।** जिले में घरेलू गैस से वाहन रफ्तार भर रहे हैं। जिससे लोगों की जान खतरे में है। जनपद मैनपुरी के कस्बा बिछवां में घरेलू गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी करके गाडियों, ऑटो में खुलेआम गैस भरी जा रही है। प्रशासन पहले के हादसों से सबक नहीं ले रहा है। बिछवां में घरेलू गैस सिलेंडर से गैस रिफलिंग का अवैध धंधा खूब फल-फूल रहा है। कुछ लोग खुलेआम बाजार में गैस रिफलिंग की दुकान खोले बैठे हैं। तो कुछ लोग अपने घरों पर बैठकर कारों में एलपीजी गैस भर रहे हैं।

ये लोग पांच किलो क्षमता वाले छोटे सिलेंडरों की भी रिफिलिंग कर रहे हैं। बिछवां में काफी समय से यह अवैध धंधा खुलेआम चल रहा है। इस अवैध कारोबार पर जिला पूर्ति विभाग, पुलिस प्रशासन और जिला प्रशासन जानबूझकर कार्रवाई नहीं कर रहा है। गैस रिफिलिंग का यह अवैध कारोबार चोरी-छिपे अथवा दूरदराज के इलाकों में नहीं चल रहा है, बल्कि बिछवां में घनी आबादी वाले मोहल्लों एवं बीच बाजार में हजारों लोगों की जान को जोखिम में डालकर खुले आम चल रहा है। दुकानदारों को पांच किलो क्षमता वाला सिलेंडर रिफिल करने में करीब 50 रुपये का फायदा हो जाता है। इसी तरह कारों में भी गैस रिफिल करने का अवैध कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है।

# बदनपुर ने किशनी को हराकर जीता उद्घाटन मुकाबला

## किशनी के सती मंदिर पर शुरू हुई क्रिकेट प्रतियोगिता

मॉर्निंग सिटी संवाददाता



**किशनी/मैनपुरी।** नगर के सती मंदिर खेल ग्राउंड पर जय मां सती क्रिकेट टूनामेंट का शुभारंभ प्रांशु क्रिकेट क्लब किशनी और प्रिंस क्रिकेट क्लब बदनपुर के बीच खेला गया। जिसमें बदनपुर ने किशनी को 6रनों से हराकर अगले दौर में प्रवेश पा लिया।

निर्धारित 12 ओवर के मैच में किशनी ने टॉस जीतकर बदनपुर को पहले बल्लेबाजी दी। बदनपुर की टीम ने 9 विकेट पर 86 रनों का स्कोर खड़ा किया। टीम की तरफ से बल्लेबाज सनी ने 20 और आंसू ने 15 रन बनाए। किशनी की तरफ से गेंदबाज कुनाल, बजरंगी और दीपा ने तीन तीन विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी किशनी की पूरी टीम 80 रनों पर आल आउट हो गई। टीम की तरफ से बल्लेबाज कुनाल ही सर्वाधिक 25 रन बना पाए। बदनपुर के गेंदबाज सनी और छोटू ने तीन तीन विकेट चटकाए तथा मैच के मैंन आफ द मैच सनी रहे। मैच के अंपायर फाद खान और यशी तोमर रहे। आंखों देखा हाल गोपाल भदौरिया व स्कोरिंग ऋषि कश्यप ने की। इससे पूर्व क्रिकेट टूनामेंट का शुभारंभ हवेली वार्ड के सभासद राहुल गुप्ता ने फीता काटकर व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया।

इस मौके पर राहुल चौहान, अजीत राठौर, डिंपल कठेरिया, बाबू कठेरिया, सौरभ राठौर, पिंटू राठौर, मोहित चौहान, विनोद राठौर, शरद चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे।

# प्रज्ञान स्कूल में शिक्षकों हेतु क्षमता निर्माण कार्यशाला का भव्य आयोजन

मॉर्निंग सिटी संवाददाता



**जेवर।** सीबीएसई कौशल शिक्षा विभाग के तत्वावधान में प्रज्ञान पब्लिक स्कूल, जेवर में कक्षा 6 से 8 तक कौशल शिक्षा के प्रभावी कार्यान्वयन विषय पर शिक्षकों के लिए एक दिवसीय क्षमता निर्माण कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया।कार्यशाला में नोएडा क्षेत्र के लगभग 20 विद्यालयों से आए प्रधानाचार्य, वरिष्ठ शिक्षक-शिक्षिकाएँ, हेड मिस्ट्रेस एवं शैक्षणिक समन्वयकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यशाला का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके उपरांत मुख्य अतिथियों एवं रिसोर्स पर्सन्स का पुष्पगुच्छ एवं स्मृतिचिह्न भेंटकर गरिमामय स्वागत किया गया।कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को कौशल शिक्षा की अवधारणा, उसके महत्व तथा कक्षा-कक्ष में उसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सशक्त बनाना रहा।

मुख्य रिसोर्स पर्सन डा.दीप्ति शर्मा (प्रधानाचार्या, प्रज्ञान पब्लिक स्कूल, जेवर) ने कौशल शिक्षा के विविध आयामों जैसे पाठ-योजना निर्माण,गतिविधि- आधारित शिक्षण, मूल्यांकन प्रक्रिया तथा विद्यार्थियों की विविध आवश्यकताओं के अनुरूप शिक्षण पर सरल, रोचक एवं व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि कौशल शिक्षा विद्यार्थियों को रटंत पद्धति से आगे बढ़ाकर समस्या-समाधान, रचनात्मकता एवं जीवनोपयोगी दक्षताओं से जोड़ती है। इसी क्रम में दूसरी प्रमुख रिसोर्स पर्सन पूनम मेंदीरत्ता (प्रधानाचार्या, मंथन पब्लिक स्कूल, ग्रेटर नोएडा-वेस्ट) ने कौशल शिक्षा के पाठ्यचर्या एकीकरण, डिजिटल उपकरणों के प्रभावी उपयोग तथा मूल्यांकन मॉडल्स पर विस्तार से जानकारी दी। व्यावहारिक सत्र के दौरान उन्होंने शिक्षकों को विभिन्न गतिविधियों का अभ्यास कराया, जिससे प्रतिभागियों में कौशल शिक्षा को अपनी कक्षाओं में तुरंत लागू करने का आत्मविश्वास विकसित हुआ।

कार्यशाला के अंत में प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए इसे अत्यंत उपयोगी, ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक बताया।विद्यालय परिवार द्वारा सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# कैथपुर के ग्रामीणों ने प्रधान की सीडीओ से की शिकायत

मॉर्निंग सिटी संवाददाता

**किशनी/मैनपुरी।** विकासखंड किशनी की ग्राम सभा कैथपुर के ग्राम प्रधान सुरेंद्र कुमार के खिलाफ ग्रामसभा के अशोक कुमार पुत्र जसकरण सिंह जोगेंद्र सिंह पुत्र हेतराम राजेश कुमार पुत्र श्री कृष्ण गुप्ता जोगेंद्र सिंह पुत्र रमेश चंद्र ने समाधान दिवस में शिकायत कर बताया कि ग्राम प्रधान द्वारा पहले किशन के दरवाजे से डामरीकरण तक इंटरलॉकिंग का कार्य दिखाकर रुपए निकाल लिए, जबकि कोई कार्य ही नहीं हुआ। दूसरी बार में वही रोड चंदन के घर से वीरेंद्र के घर तक सीसी का कार्य दिखा दिया जबकि चंदन किशन का ही पुत्र है।

उक्त ग्राम पंचायत कैथपुर के गांव जयसिंहपुर में डामरीकरण से महाराम के घर तक इंटरलॉकिंग का कार्य सन 2020 में हो चुका था,परंतु प्रधान सुरेंद्र द्वारा इस कार्य को फिर से दिखाकर रुपए निकाल लिए गए, जबकि इस रोड पर दोबारा सीसी कर दी गई। ग्रामीणों का कहना है कि गांव कैथपुर में ही जलालुद्दीन के घर से इस्लाम के घर तक इंटरलॉकिंग का कार्य पूर्व प्रधान ने 2020 में करवाया था। आरोप है कि वर्तमान प्रधान ने वही कार्य इंटरलॉकिंग दिखाकर रुपए निकाल लिए, इसी रोड को फिर दोबारा से इस्ताक खान के मकान से जलालुद्दीन के मकान तक सीसी का कार्य दिखाकर रुपए, निकालने की कोशिश कर रहे हैं। उक्त ग्राम पंचायत के गांव कैथपुर निवासी ध्यान सिंह शर्मा के मकान से तालाब तक इंटरलॉकिंग और नाली का कार्य हुआ ही नहीं है फिर भी इसका रुपया निकल लिया गया। सभी शिकायतकर्ताओं ने ग्राम पंचायत के रोड की जांच करवा कर तथा मनरेगा के काम में किये गए भ्रष्टाचार की जांच कराकर प्रधान के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए।

# नोएडा में मोबाइल स्नैचिंग करने वाले दो शातिर बदमाश गिरफ्तार,दस मोबाइल बरामद

मॉर्निंग सिटी संवाददाता

**नोएडा।** राह चलते लोगों के मोबाइल फोन व गले से चेन लूटने वाले दो शातिर बदमाशों को आज थाना सेक्टर-20 पुलिस ने गिरफ्तार किया।बदमाशों की पहचान पश्चिम बंगाल निवासी नेपाल सरकार और सलमान के रुप में हुयी।अभियुक्तों के कब्जे से अवैध शस्त्र,चोरी की मोटरसाइकिल, लूट व चोरी के 10 मोबाइल फोन बरामद किया है।बता दे कि अभियुक्तों के खिलाफ नोएडा के थानों में विभिन्न आपराधिक मामलों में 14 मुकदमें दर्ज है।

डीसीपी नोएडा यमुना प्रसाद ने बताया कि थाना सेक्टर-20 पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस व इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की सहायता से मोबाइल फोन स्नैचिंग करने वाले 2 अभियुक्त नेपाल सरकार पुत्र अनिल सरकार तथा सलमान पुत्र अकबर को मल्टीलेवल कार पार्किंग के सामने सेक्टर-18 से गिरफ्तार किया है।अभियुक्त नेपाल सरकार के कब्जे से 1 अवैध तमंचा मय कारतूस, 6 मोबाइल फोन तथा अभियुक्त सलमान के कब्जे से 1 अवैध चाकू व 4 मोबाइल फोन बरामद हुए हैं।

डीसीपी ने बताया कि अभियुक्तगण अभ्यस्त अपराधी है, जो एक साथ दो पहिया वाहन पर सवार होकर रात्रि व दिन में निकलते थे और सोसाइटियों, बाजारों आदि में राह चलते व्यक्तियों से मोबाइल फोन लूट व छीनकर फरार हो जाते थे। उन्होंने बताया कि अभियुक्त पकड़े जाने के डर से अपने पास अवैध हथियार रखते थे।यह लोग स्नैच की गयी मोबाइल फोन को राह चलते व्यक्तियों को औने-पौने दामों में बेच देते थे तथा पैसो को आपस में बांट लेते थे तथा उस पैसो से अपने खिलाफ पूर्व में पंजीकृत अभियोग की पैरवी करते थे और खाने-पीने में खर्च करते थे। उन्होंने बताया कि अभियुक्त घटना के दौरान मोबाइल फोन का प्रयोग नहीं करते थे जिससे ये पकड़े न जा सके।

अभियुक्त नेपाल के खिलाफ 10 तथा सलमान पर 4 मुकदमे नोएडा के विभिन्न थानों में पूर्व में दर्ज है। पुलिस दोनों बदमाशों के अन्य आपराधिक इतिहास के बारे में जानकारी एकत्र की जा रही है।

# दबंगों ने मंदिर की भूमि पर किया अवैध कब्जा

## एसडीएम से शिकायत, मंदिर परिसर में शराब बेचने का आरोप



मॉर्निंग सिटी संवाददाता

**किशनी/मैनपुरी।** तहसील में समाधान दिवस के मौके पर क्षेत्र के गांव नगला बनखंडी के एक दर्जन ग्रामीणों ने तहसील में पहुंचकर एसडीएम गोपाल शर्मा को शिकायत दी है।

शिकायत में बताया गाटा संख्या 1529 में लगभग 10 लोगों को ग्राम पंचायत से भूमि आवंटन में मिली थी। जिसमें सभी लोगों ने मिलकर मंदिर के लिए लगभग 0.081 हेक्टेयर जगह छोड़ दी थी। जिस जगह पर मंदिर का निर्माण भी हो पूर्व में चुका था।

कई वर्षो से मंदिर बना हुआ है जो मंदिर के आसपास पड़ी जगह पर गांव के ही राम अवतार पुत्र बालादीन, अमित व पंकज, अन्नू पुत्रगण रामअवतार व राम किशोर पुत्र बालादीन जबरन कब्जा कर रहे हैं और मंदिर के गेट के बाहर उक्त लोगों ने एक टीन का खोखा रखा है। जहां अवैध तरीके से शराब बिकती हैं और लोग पीते हैं। उक्त लोग मंदिर के बाहर गेट लगाने नही देते हैं। अगर वह गेट लगाते भी हैं तो उक्त लोग झगड़ा व गाली गलौज करने लगते हैं।

समस्त ग्रामीणों ने एसडीएम से कब्जा हटवाकर नामजदों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है।

# नोएडा में कार अनियंत्रित होकर बेसमेंट में गयी, प्राधिकरण पर गंभीर आरोप

मोर्निंग सिटी संवाददाता




**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर नाले की बाउंड्री तोड़ते हुए करीब 30 से 40 फीट गहरे, पानी से भरे बेसमेंट में जा गिरी।

इस हादसे में कार चालक सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता (27) की मौत हो गयी। बता दे कि हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस के साथ राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ), राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) एवं अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंचीं और रात भर चले बचाव अभियान के बाद शनिवार तड़के शव को बरामद कर लिया गया।आरोप है कि खुले नाले को लेकर कई बार नोएडा प्राधिकरण से लिखित व मौखिक रुप से मांग की गई थी कि नाले के किनारे मजबूत बैरिकेडिंग, रिफ्लेक्टर और साइन बोर्ड लगाए जाएं।लेकिन अभी तक इस मामले में कोई कारवाई नहीं हुयी।मिली जानकारी के अनुसार नोएडा सेक्टर-150 के टाटा यूरेका पार्क निवासी मृतक युवराज मेहता के पिता राजकुमार मेहता ने बताया कि पुत्र शुक्रवार रात लगभग 12 बजे अपने गुरुग्राम स्थित कंपनी में इंजीनियर के पद पर तैनात था। वह अपने कार्यालय से कार मारुति ग्रैंड विटारा संख्या यूपी-16-ईएम-1190 से घर लौट रहा था। घना कोहरा होने के कारण एटीएस ली-ग्रैंडिओस सोसायटी के पास सड़क किनारे बने गहरे नाले का सही से अंदाजा नहीं लग सका।उनकी कार नाले की बाउंड्री तोड़ते हुए लगभग 70 फीट गहरे पानी से में जा गिरी।हादसे में युवराज की मौके पर ही मृत्यु हो गई। स्थानीय लोगों और चश्मदीदों के अनुसार, हादसे के बाद युवराज कार के अंदर फंस गए थे।

बताया जा रहा है कि वह करीब आधे घंटे तक अपने मोबाइल की टॉर्च जलाकर बाहर निकलने का रास्ता ढूंढते रहे और मदद की गुहार लगाते रहे। लेकिन बेसमेंट की गहराई और पानी ज्यादा होने के कारण कोई तुरंत मदद नहीं कर सका।सूचना मिलने पर पुलिस, फायर स्टेशन, एनडीआरएफ (ठउफ्फ) और एसडीआरएफ (रउफ्फ) की टीमों ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया।जब तक उन्हें बाहर निकाला गया, वह अचेत हो चुके थे। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।परिजनों और स्थानीय लोगों का आरोप है कि उस स्थान पर नाला खुला हुआ है।वहां न तो पर्याप्त बैरिकेडिंग है और न ही रिफ्लेक्टर या चेतावनी संकेतक लगे हुए हैं।सेक्टर-150 के निवासियों द्वारा पहले भी नोएडा प्राधिकरण से कई बार लिखित व मौखिक रुप से मांग की गई थी कि नाले के किनारे मजबूत बैरिकेडिंग, रिफ्लेक्टर और साइन बोर्ड लगाए जाएं।जिससे रात के समय या कोहरे में आने-जाने वाले वाहन चालकों को खतरे का संकेत मिल सके। बावजूद इसके अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। मृतक के पिता ने नॉलेज पार्क थाने में नोएडा प्राधिकरण के खिलाफ तहरीर दी है।उन्होंने मांग की है कि इस मौत के लिए जिम्मेदार विभाग के अधिकारियों पर मुकदमा दर्ज किया जाए। आरोप है कि सिस्टम की लापरवाही ने उसे लील लिया।

## आगरा-अलीगढ़ मार्ग पर जाम से मिलेगी मुक्ति


मोर्निंग सिटी संवाददाता

**आगरा।** आगरा और अलीगढ़ के बीच यात्रा करने वाले लोगों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। जनवरी 2026 से इस मार्ग पर यातायात को सुगम बनाने के लिए प्रशासन ने एक बड़ी पहल की है। लंबे समय से भारी ट्रैफिक और जाम की समस्या से जूझ रहे इस रूट पर अब सफर काफी आसान होने वाला है। इस पूरी योजना का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा आगरा-अलीगढ़ ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे है। लगभग 1,536 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हो रहे इस मार्ग के बनने से आगरा और अलीगढ़ के बीच की दूरी अब मात्र 60 मिनट में पूरी की जा सकेगी। पहले इस सफर में 2 से 3 घंटे का समय लगता था।

शहर के अंदर होने वाली भीड़भाड़ से बचने के लिए हाथरस और सासनी जैसे इलाकों में बाईपास की सुविधा दी गई है, जिससे भारी वाहन शहर के बाहर से ही निकल जाएंगे।जनवरी के महीने में पड़ने वाले घने कोहरे को देखते हुए, एक्सप्रेसवे पर स्मार्ट सिग्नल और सेंसर लगाए गए हैं। यह तकनीक दुर्घटनाओं को रोकने में मददगार साबित होगी।

# बदलते मौसम के साथ चर्म रोगियों की बढ़ी तादाद, अस्पतालों में उमड़ी भारी भीड़

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**आगरा।** ताजनगरी में मौसम के बदलते मिजाज ने जनजीवन के साथ-साथ लोगों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालना शुरू कर दिया है। पिछले एक सप्ताह से तापमान में गिरावट और बढ़ते प्रदूषण के कारण त्वचा संबंधी रोगों में बेतहाशा वृद्धि दर्ज की गई है जिला अस्पताल और एसएन मेडिकल कॉलेज के ओपीडी में चर्म रोगियों की लंबी कतारें देखी जा रही हैं। आंकड़ों के मुताबिक, रोजाना आने वाले मरीजों में लगभग 40 प्रतिशत मरीज खुजली, दाद, एग्जिमा और त्वचा के रूखेपन की समस्या से ग्रस्त हैं।

**विशेषज्ञों की चेतावनी:**

**1. प्रदूषण और 'स्मॉग' का प्रभाव**

आगरा में इस समय धूल और धुएं का स्तर काफी बढ़ जाता है। हवा में मौजूद सूक्ष्म कण त्वचा के रोमछिद्रों को बंद कर देते हैं, जिससे चेहरे पर मुंहासे और दाने निकलने लगते हैं। केवल ठंड ही नहीं, बल्कि हवा का जहर भी खाल को बीमार कर रहा है।

**2. पानी की कमी**

सर्दियों में लोग प्यास कम लगने के कारण पानी पीना कम कर देते हैं। इससे शरीर के अंदरूनी हिस्से के साथ-साथ त्वचा भी सूख जाती है। डॉक्टरों का कहना है कि त्वचा को अंदर से स्वस्थ रखने के लिए दिन में कम से कम 8-10 गिलास पानी पीना अनिवार्य है।

**3. खान-पान में बदलाव**

अखबार की भाषा में एक कॉलम यह भी जोड़ा जा सकता है: "विशेषज्ञों ने सलाह दी है कि इस मौसम में विटामिन-C युक्त फल (जैसे संतरा, नींबू) और मौसमी सब्जियां खाएं। ज्यादा तला-भुना और मिर्च-मसाले वाला खाना त्वचा की खुजली को और बढ़ा सकता है।"

**4. बच्चों और बुजुर्गों पर अधिक जोखिम**

बच्चों की त्वचा बहुत कोमल होती है और बुजुर्गों की त्वचा पतली हो जाती है, इसलिए इन दोनों वर्गों में 'विंटर इच' की समस्या सबसे ज्यादा देखी जा रही है। उन्हें गर्म पानी से ज्यादा देर तक नहीं नहलाना चाहिए क्योंकि इससे त्वचा का प्राकृतिक तेल खत्म हो जाता है।

5. घरेलू नुस्खों पर डॉक्टर की राय

अक्सर लोग नीम के पत्ते या अन्य घरेलू नुस्खे आजमाते हैं। डॉक्टरों का कहना है कि:

नीम का पानी सफाई के लिए अच्छा है, लेकिन अगर इन्फेक्शन ज्यादा है तो केवल घरेलू नुस्खों के भरोसे न रहें। गर्म पानी के बजाय नवाए पानी से नहाएं। सावधान! स्टेरॉयड क्रीम बन रही है दुश्मन बाजार में मिलने वाली 'मिश्रित' क्रीमों में हाई स्टेरॉयड होता है। यह एक बार तो खुजली ठीक कर देती हैं, लेकिन बाद में त्वचा को पतला और खराब कर देती हैं। आगरा के डॉक्टरों ने ऐसी क्रीमों के बिना पर्चे की बिक्री पर चिंता जताई है।

## डेयरी से दूध डालकर लौट रही किशोरी से छेड़छाड़


मोर्निंग सिटी संवाददाता

**पिनाहट।** दूध डालकर घर वापस लौट रही किशोरी के साथ आरोपितों ने छेड़छाड़ की। विरोध करने पर आरोपितों ने घर में घुसकर किशोरी और उसके पिता के साथ बुरी तरह मारपीट कर घायल कर दिया। घटना के बाद से गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है। थाना पिनाहट के एक गांव में शुक्रवार शाम करीब सात बजे डेयरी पर दूध डालकर वापस घर लौट रही किशोरी का दो आरोपितों ने रास्ता रोककर घेर लिया और छेड़छाड़ और अश्लील हरकत करते हुए अपशब्दों का प्रयोग करते हुए किशोरी के साथ बुरी तरह मारपीट की। जिससे किशोरी के पैर और गर्दन में गंभीर चोट लग गयी है। किशोरी किसी तरह अपने आप को बचाकर घर पहुंची। तो दोनों आरोपित अपने साथ तीन अज्ञात लोगों को साथ लेकर और लाठी डंडों लेकर किशोरी के घर में जबरन घुस गये। और पुत्री और पिता की बड़ी बेरहमी से मारपीट की। मारपीट में किशोरी और उसके पिता की चीख-पुकार सुनकर आए पड़ोसियों ने किसी तरह आरोपितों से इन दोनों को बचाया और पुलिस को सूचना दी। वहीं आरोपित जानसे मारने की धमकी देते हुए भाग गये है। सूचना पुलिस मौके पर पहुंच गई है। वहीं किशोरी की तहरीर पर दोनों आरोपित के खिलाफ शनिवार को मुकदमा दर्ज किया गया है। घटना के बाद से समूचे गांव में भारी दहशत का माहौल बना हुआ है।

## एसएन मेडिकल कॉलेज में प्लास्टिक सर्जरी से जली महिला को मिला नया जीवन

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**आगरा।** एसएन मेडिकल कॉलेज के प्लास्टिक सर्जरी विभाग ने एक बार फिर अपनी विशेषज्ञता और टीमवर्क का परिचय देते हुए जलने से उत्पन्न गंभीर पोस्ट-बर्न कॉन्ट्रैक्चर से पीड़ित 45 वर्षीय महिला का सफल ऑपरेशन कर उसे नया जीवन दिया है। यह महिला लंबे समय से इस समस्या से जूझ रही थी, जिससे उसका सामान्य जीवन पूरी तरह प्रभावित हो चुका था। जलने के बाद गर्दन और चेहरे की त्वचा अत्यधिक सिकुड़ जाने के कारण महिला न तो ठीक से खाना-पीना कर पा रही थी और न ही गर्दन सीधी कर पाती थी। मुंह से लगातार लार गिरने की समस्या के साथ-साथ दैनिक कार्यों में भी उसे भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। इस शारीरिक विकृति के कारण उसका सामाजिक आत्मविश्वास भी बुरी तरह टूट चुका था। इस जटिल और तकनीकी रूप से चुनौतीपूर्ण सर्जरी को प्लास्टिक सर्जन पुनीत भारद्वाज के नेतृत्व में सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया। सर्जरी टीम में ऋषभ, वीनेश और सुलभ शामिल रहे। ऑपरेशन के दौरान पहले कॉन्ट्रैक्चर को रिलीज किया गया, जिसके बाद पीटीएसजी तकनीक के माध्यम से गर्दन और निचले चेहरे का पुनर्निर्माण किया गया। यह सर्जरी कार्यात्मक और सौंदर्य दोनों दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण रही। इस पूरे उपचार में एनेस्थीसिया टीम की भूमिका भी अहम रही। एयरवे मैनेजमेंट और दर्द-रहित सर्जरी इस केस की सबसे बड़ी चुनौती थी, जिसे टीम ने कुशलता से संभाला। एनेस्थीसिया टीम में राजीव पुरी, कौस्तुभ सिंह, नीतू पाल, सृष्टि, सर्वेश, रजत और कीर्ति शामिल रहे, जिनके सहयोग से सर्जरी सुरक्षित और सुचारु रूप से संपन्न हो सकी। मरीज इससे पहले कई निजी अस्पतालों में इलाज के लिए भटक चुकी थी, लेकिन आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वह महंगे इलाज का खर्च नहीं उठा पा रही थी। ऐसे में एसएन मेडिकल कॉलेज में निःशुल्क और उच्चस्तरीय उपचार मिलना उसके लिए राहत और आशा का बड़ा सहारा बना। कॉलेज प्रशासन ने इस उपलब्धि की सराहना की है। प्रधानाचार्य प्रशांत गुप्ता और सर्जरी विभागाध्यक्ष राजेश गुप्ता ने पूरी प्लास्टिक सर्जरी और एनेस्थीसिया टीम को उत्कृष्ट कार्य के लिए बधाई दी। प्रशासन का कहना है कि इस तरह की जटिल सर्जरी संस्थान की क्षमता और समर्पण को दर्शाती है, जिससे आगरा और आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को बड़ा लाभ मिल रहा है।



## कोहरे की चादर से ढका पूरा प्रदेश, दृश्यता शून्य...गलन से जीवन बेहाल; बढ़ी ठिठुरन

लखनऊ



कोहरे के बढ़ते असर और धूप देर से निकलने की वजह से सुबह ठिठुरन का अहसास बढ़ गया। मौसम विभाग के अनुसार, शनिवार को प्रदेश के ज्यादातर जिलों में कोहरे का असर बढ़ा और देर से धूप निकलने की वजह से सुबह और शाम को गलन जैसा अहसास बना रहेगा। कई जिलों में सुबह घने कोहरे की वजह से शून्य दृश्यता दर्ज की गई। वहीं हरदोई, कानपुर, नजीबाबाद, अयोध्या और बिजनौर में सबसे कम न्यूनतम तापमान 4 डिग्री दर्ज किया गया। अगर तापमान के आंकड़ों पर गौर करें तो बहुत से जिलों में न्यूनतम तापमान में आंशिक वृद्धि दर्ज की गई लेकिन सुबह घने कोहरे और धूप न निकलने की वजह से गलन महसूस की गई। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि न्यूनतम तापमान में आंशिक बढ़ोतरी की प्रकृति का दौर जारी रहेगा लेकिन कोहरा प्रदेश के 75 प्रतिशत जिलों में घना हो जाएगा। जहां देर से धूप निकल रही है वहां ठंड ज्यादा महसूस होगी। उन्होंने बताया कि मुरादाबाद, प्रयागराज, श्रावस्ती, बरेली में सुबह दृश्यमा शून्य दर्ज की गई। वहीं हरदोई में 30, फतेहगढ़ और बहराइच में 40, अलीगढ़, मुजफ्फरनगर और मेरठ में दृश्यता 50 मीटर रही। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने बताया कि प्रदेश में सबसे कम न्यूनतम तापमान हरदोई, कानपुर, नजीबाबाद, अयोध्या और बिजनौर में 4 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं मुजफ्फरनगर में न्यूनतम तापमान 4.1, मुरादाबाद में 4.2, अलीगढ़ में 4.4, फुर्सतगंज में 4.6, गोरखपुर में 4.7 और बरेली में 4.8 डिग्री रहा।

# जनपद की तीनो तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस हुआ सम्पन्न

मोर्निंग सिटी संवाददाता




**गौतमबुद्धनगर।** आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से जनपद गौतम बुद्ध नगर की तीनों तहसीलों जेवर, दादरी एवं सदर में आज संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिले की तीनों तहसीलों में कुल 161 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 11 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही संबंधित अधिकारियों द्वारा किया गया। शेष शिकायतों के लिए संबंधित विभागों को निर्धारित समय सीमा के भीतर निस्तारण के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मेधा रूपम ने तहसील जेवर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुना तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का स्थलीय सत्यापन करते हुए गुणवत्ता एवं समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील जेवर में कुल 60 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 02 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही संबंधित अधिकारियों द्वारा किया गया। शेष शिकायतों के लिए संबंधित विभागों को निर्धारित समय सीमा के भीतर निस्तारण के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने समाधान दिवस में उपस्थित सभी जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि शासन जनता की समस्याओं के प्रति अत्यंत संवेदनशील है, इसलिए प्रत्येक शिकायत का निस्तारण पूरी गंभीरता, संवेदनशीलता एवं जवाबदेही के साथ किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि अधिकारी स्वयं मौके पर जाकर शिकायतों की जांच करें और गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करें।

संपूर्ण समाधान दिवस के मौके पर जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आमजन को बाल विवाह रोकथाम एवं नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। शपथ के माध्यम से यह संकल्प लिया गया कि समाज में बाल विवाह जैसी कुप्रथा को किसी भी परिस्थिति में होने नहीं दिया जाएगा तथा नशे के विरुद्ध जन-जागरूकता फैलाकर एक स्वस्थ, सुरक्षित एवं सशक्त समाज के निर्माण में सभी सक्रिय भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार, प्रभागीय वनाधिकारी रजनीकांत मित्तल, जिला विकास अधिकारी शिव प्रताप परमेश, डिप्टी कलेक्टर विवेक भदौरिया, तहसीलदार ओमप्रकाश पासवान, खंड विकास अधिकारी दादरी नेहा, नायब तहसीलदार अजेंद कुमार तोमर सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इसी क्रम में तहसील सदर में अपर जिलाधिकारी भू0अ0 बच्चू सिंह की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 05 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनका अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया। वहीं तहसील दादरी में उप जिलाधिकारी दादरी अनुज नेहरा की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 96 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनके सापेक्ष 04 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही अधिकारियों के माध्यम से करा दिया गया।

# तहसील सदर में संपूर्ण समाधान दिवस, 104 शिकायतें प्राप्त, 8 का मौके पर निस्तारण

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**आगरा।** तहसील सदर में शुक्रवार को जिलाधिकारी अरविन्द मल्लप्पा बंगारी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने फरियादियों की शिकायतों और समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी प्रकरणों का निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। जिलाधिकारी ने भूमि विवाद से जुड़ी शिकायतों पर विशेष जोर देते हुए राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर कार्रवाई करने के निर्देश उप जिलाधिकारी को दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शिकायतकर्ता से सीधे संपर्क कर वार्ता के माध्यम से समस्या का समाधान कराया जाए और स्थलीय निरीक्षण के बाद निस्तारण की स्थिति से शिकायतकर्ता को अवगत कराया जाए। निस्तारण आख्या में पूरे घटनाक्रम का उल्लेख करते हुए उसे समय से पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश भी दिए गए। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 104 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 8 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया।

शेष शिकायतों में विद्युत, पेंशन, राशन, भूमि विवाद, चकरोड निर्माण व अतिक्रमण, नाली निर्माण और अवैध कब्जे से जुड़े मामले प्रमुख रहे। विभागवार शिकायतों में राजस्व विभाग की 36, पुलिस विभाग की 18, नगर निगम की 14, आगरा विकास प्राधिकरण की 4, विद्युत विभाग की 8, वन विभाग की 1, समाज कल्याण विभाग की 3, विकास खंड की 8 तथा अन्य विभागों की 12 शिकायतें शामिल रहीं। संपूर्ण समाधान दिवस में उप जिलाधिकारी सदर सचिन राजपूत, तहसीलदार मांधाता प्रताप सिंह, उपायुक्त मनरेगा रामायन यादव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र गौंड, जिला पंचायत राज अधिकारी मनीष कुमार सहित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## जाम मुक्त यातायात को सख्ती, अब्बूलाला दरगाह, वॉटर वर्क्स और रामबाग फ्लावर पर अब नहीं रुकेगी बस

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**आगरा।** आईएसबीटी बस स्टेशन से संचालित परिवहन निगम की बसों को शहर के प्रतिबंधित स्थानों पर रोकने पर अब पूरी तरह पाबंदी लगा दी गई है। 16 जनवरी 2026 को प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में जाम मुक्त यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कड़े निर्देश जारी किए गए। इसके तहत अब अब्बूलाला दरगाह, वॉटर वर्क्स और रामबाग फ्लावर सहित भगवान टाकीज जैसे स्थानों पर निगम की बसें नहीं रोकी जाएंगी। बैठक में बताया गया कि इन स्थानों पर रोडवेज बस चालक गलत तरीके से बसें खड़ी कर सवारियां भरते थे, जिससे सड़क का बड़ा हिस्सा अवरुद्ध हो जाता था। बसों के अनधिकृत ठहराव के कारण अक्सर लंबा जाम लग जाता था, जिसमें राहगीर, दोपहिया और चारपहिया वाहन चालक घंटों तक फंसे रहते थे और यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा जाती थी। प्रशासन ने इस स्थिति को गंभीर मानते हुए स्पष्ट किया है कि 17 जनवरी 2026 के बाद यदि कोई भी परिवहन निगम की बस इन प्रतिबंधित स्थानों पर खड़ी पाई गई तो उसे सीज किया जाएगा। साथ ही इस लापरवाही की जिम्मेदारी संबंधित डिपो अधिकारी, उपाधिकारी, बस चालक और परिचालक की तय की जाएगी तथा उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई भी की जाएगी। निदेर्शों में यह भी कहा गया है कि सभी बसें यात्रियों को केवल आईएसबीटी बस स्टेशन से ही चढ़ाएंगी और उतारेंगी। परिवहन निगम के अधिकारियों को आदेश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में तैनात चालक और परिचालकों को सख्ती से इन निदेर्शों का पालन कराएं, ताकि आगरा शहर में जाम की समस्या से राहत मिल सके और यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे।

## जमीनी विवाद में चले लाठी-डंडे, दोनों पक्ष से 9 घायल

**पिनाहट।** दीवार निर्माण के दौरान जमीनी विवाद के बाद पड़ोसियों में हुए झगड़े में दोनों पक्ष से करीब 9 लोग बुरी तरह घायल हो गए। जिनको उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। थाना पिनाहट के गांव अर्जुनपुरा में शनिवार दोपहर करीब 11 बजे प्रहलाद सिंह दीवार निर्माण के दौरान पड़ोसी रविन्द्र कुमार की जगह में बनी भैंसें के चारे के लिए नांद को तोड रहा था। जिसका विरोध करने पर प्रहलाद पक्ष से लाठी डंडों से हमला बोल दिया। जिसमे दोनों ओर से चले लाठी-डंडों में रविन्द्र पक्ष से रामरती, पवन कुमार, निशांत, रविन्द्र कुमार, नीरज, कमलादेवी, सोनू और प्रहलाद पक्ष से ईश्वरी देवी और मधु देवी बुरी तरह घायल हो गए। जिन्हें सूचना पर पहुंची पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिनाहट मे भर्ती कराया। जहां सभी घायलों का उपचार किया गया है। रविन्द्र पक्ष द्वारा थाने में तहरीर दी गयी है।

# वसूली' के जाम से कराहता रामबाग

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**आगरा।** शहर मे पानी की समस्या तो आम हो चुकी है, लेकिन शहर का रामबाग चौराहा वर्षो से जाम की समस्या से कराह रहा है। हालत यह है कि यहां के दुकानदारों का व्यापार भी ठप हो गया है, कई बार पुलिस अधिकारियों से शिकायत की जा चुकी है, लेकिन यह समस्या नासूर बन चुकी है

रामबाग चौराहे पर न तो मार्ग संकरा है और न ही वाहनों की संख्या अधिक रहती है, यहां जाम लगने का प्रमुख कारण ऑटो हैं। इस 120 फीट चौडे.मार्ग को ऑटो चालक इस कदर घेर लेते हैं, कि मार्ग पर चलने वाले वाहनों के लिए बमुश्किल 60 फीट का रास्ता ही बच पाता है। यदि दुकानदार ऑटो वालों से ऑटो को सही तरीके से खड़ा करने के लिए बोलते भी हैं, तो इन ऑटो चालकों में इतनी अधिक यूनिटी है कि वे दुकानदारों से भिड़ जाते हैं।

**ठेल-ढकेल वालों का भी आतंक रामबाग चौराहे पर**

ऑटो वालों के अलावा इस मार्ग पर ठेल-ढकेल वालों का भी आतंक है। जहां मार्ग के बीच में ऑटो वाले खडे. होते हैं, तो वहीं सड़क का किनारा ये ठेल-ढकेल वाले घेर लेते हैं। चौराहे के आस पास 100 से अधिक ठेल-ढकेल वाले रोजाना खडे. होते हैं। इनके द्वारा अपना अपना स्थान भी तय कर लिया गया है। ऐसा नहीं है कि इस चौराहे पर पुलिस तैनात नहीं रहती है, पुलिस के सामने इस मार्ग पर ठेल-ढकेल वालों का अतिक्रमण रहता है, लेकिन पुलिस भी कुछ नहीं करती है। **वसूली से चौराहे का बुरा हाल**- स्थानीय दुकानदारों की मानें तो यहां पुलिस वालों की अवैध वसूली होती है, जिसके चलते ऑटो चालक और ठेल-ढकेल वाले अपनी मर्जी से मार्ग को घेरते हैं पुलिस का इनसे हफ्ता सेट है। जो चौराहे पर आता है, उस पुलिस वाले को ऑटो चालक और ये ठेल-ढकेल वाले अपने आप हफ्ता पहुंचा देते हैं, इसके बाद दुकानदार पुलिस वालों से कितना भी कुछ क्यों न कहें, लेकिन वे इन पर कार्रवाई के नाम पर कुछ नहीं करते और न ही इन्हें मार्ग से हटाते हैं।

### पुलिस भी नहीं सुनती यहाँ-

स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि आज से पांच साल पहले रहें डिवीजन चौकी प्रभारी पुष्पेंद्र कुमार के समय मे कभी जाम नहीं लगा वो दो साल यहाँ रहें उनके समय मे जाम कभी लगाई नहीं उनके कार्य करने का तरिखा तो सब को पसंद आया उनके समय मे लगा कि जाम की यह समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाएगी उनके ट्रांसफर के बाद ऐसा नहीं हुआ ऑटो चालक और ठेल-ढकेल वालों की इस मनमानी को लेकर स्थानीय दुकानदारों ने कई बार थाना एत्माद्उद्दौला में शिकायत की, पुलिस अधिकारियों से भी शिकायत की, लेकिन कुछ नहीं हुआ जब पुलिस पर दबाव बनाया, तो एक दो बार पुलिस चौराहे पर भी आई, पुलिस के सामने चौराहा साफ हो गया, लेकिन पुलिस के जाते ही, चौराहे का वही हाल हो जाता है, जैसा प्रतिदिन रहता है।

### जाम मे जनता के लिए नियेम पुलिस के लिए नहीं हे कोई नियम

थाना एत्मादोल्ला की तरफ से आने वाले वाहन जाम मे रुके हुए थे तभी एक पुलिस की गाडी आती हे और रॉग साइड निकल जाती हे लोग देखते रह गए सारे नियम जनता के लिए हे ट्रैफिक नियम पुलिस के लिए नहीं है।

## सिकंदरा में 'क्रिटिकल क्रैश लोकेशन' पर चला पुलिस का डंडा, हटाया अतिक्रमण

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**आगरा।** ताजनगरी की सड़कों को सुरक्षित बनाने और यातायात व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए आगरा पुलिस ने शनिवार को बड़ा अभियान चलाया। पुलिस आयुक्त श्री दीपक कुमार के निर्देशन एवं पुलिस उपायुक्त यातायात श्री सोनम कुमार के मार्गदर्शन में थाना सिकंदरा क्षेत्र के अंतर्गत चिह्नित 'क्रिटिकल क्रैश लोकेशन' (अत्यधिक दुर्घटना संभावित क्षेत्र) के आसपास से अवैध अतिक्रमण और सड़क पर खड़े वाहनों को हटाया गया।इस विशेष अभियान में थाना सिकंदरा पुलिस, आगरा ट्रैफिक पुलिस, ठल्अककी टीम और नगर निगम की एनफोर्समेंट टास्क फोर्स शामिल रही। टीम ने न केवल अवैध रूप से खड़े वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की, बल्कि सड़क किनारे लगे उन अवैध सिगनेज बोर्ड्स और होर्डिंग्स को भी हटवाया जो वाहन चालकों की विजिबिलिटी (दृश्यता) में बाधा उत्पन्न कर रहे थे।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सड़क किनारे अतिक्रमण और अवैध पार्किंग के कारण अक्सर भीषण सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। अवरोध हटने से अब चालकों को सामने का रास्ता साफ दिखाई देगा, जिससे भविष्य में हादसों के कारकों को कम किया जा सकेगा। अभियान के दौरान आमजन को जागरूक करते हुए सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने की अपील की गई। अभियान का नेतृत्व सहायक पुलिस आयुक्त हरीपर्वत और प्रभारी निरीक्षक सिकंदरा प्रदीप कुमार त्रिपाठी ने किया। टीम में उप निरीक्षक प्रदीप कुमार, सीसी टीम प्रभारी नीरज कुमार, हेड कांस्टेबल सोमित मिश्रा और कांस्टेबल राजू चौधरी मौजूद रहे। वहीं ठल्अककी ओर से घटना प्रबंधक दीपक खटाना, राहुल कुमार और कुलदीप सोलंकी ने सक्रिय भूमिका निभाई।पुलिस उपायुक्त यातायात श्री सोनम कुमार ने चेतावनी दी है कि यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं प्रधान संपादक- सुशील कुमार सिंह (मोबाइल न. 8077588101), एन-30 ऑफसेट रघुनाथपुर सेक्टर-22, नोएडा उत्तर प्रदेश से छपवाकर हाउस न.. - 52 , ग्रीनवुड -2 , सेक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, 201308 से प्रकाशित। (RNI No. UPHIN/2015/60949)
(समस्त विवादों के लिए न्यायिक क्षेत्र गौतमबुद्धनगर होगा) प्रकाशिक सामग्री या विज्ञापन में संपादक / प्रकाशक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। इससे संबंधित किसी भी प्रकार की कार्यवाही या पूछताछ प्रकाशन तिथि से तीन माह के अंदर की जा सकती है। ई-मेल-noida.morningcity@gmail.com।